चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 300, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 30 नवंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना की सौगात

### अंत्योदय परिवारों को प्रतिमाह 35 किलो खाद्यान्न वितरित किया जाएगा, योजना से 81 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित होंगे

**नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को सरकार की ओर से लिए गए अहम निर्णयों की जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया है कि गरीब कल्याण अन्न योजना को 1 जनवरी 2024 से अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाया जाएगा। अंत्योदय परिवारों को प्रतिमाह 35 किलो खाद्यान्न वितरित किया जाएगा। योजना से 81 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। आगामी पांच वर्षों में योजना पर 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक व्यय किया जाएगा। इस योजना की शुरूआत कोविड 19 महामारी के दौरान की गई थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में लगभग 13.50 करोड़ भारतीय गरीबी के स्तर से ऊपर उठे। यह मोदी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है।

अनुराग ठाकुर ने बताया है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान करने की योजना को भी मंजूरी दी है। कृषि उपयोग के लिए किसानों को किराये की सेवाएं प्रदान करने के लिए 2023-24 से 2025-2026 के दौरान 15,000 चयनित महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सरकार के इस फैसले की जानकारी दी है।



## केंद्रीय कैबिनेट ने 16 वित्त आयोग को दी मंजूरी

**सूचना** एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को पत्रकारों को बताया कि मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस संबंध में निर्णय किया गया। ठाकुर ने कहा, योजना का मकसद 2024-25 से 2025-2026 के दौरान किसानों को कृषि उद्देश्य के लिए किराए की सेवाएं प्रदान करने के लिए 15,000 चयनित महिला एसएचजी को ड्रोन प्रदान करना है।

आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, योजना के तहत स्वीकृत पहल 15,000 एसएचजी को स्थायी व्यवसाय तथा आजीविका



सहायता प्रदान करेगी। इससे वे प्रति वर्ष कम से कम 1,00,000 रुपये की अतिरिक्त आय अर्जित करने में सक्षम होंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने 15 अगस्त को अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में लाल किले से एसएचजी को ड्रोन प्रौद्योगिकी से सशक्त बनाने की घोषणा की थी।

**केंद्रीय कैबिनेट ने 16 वित्त आयोग को दी मंजूरी**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर बताया कि कैबिनेट की बैठक में 16वें वित्त आयोग पर भी फैसला लिया गया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 16 वें वित्त आयोग के विचारार्थ विषयों पर अपनी मंजूरी दे दी है। कार्य दल की सिफारिशों के आधार पर 16वें वित्त आयोग के विचारार्थ विषय तय किए गए हैं।



## 41 मजदूर और 17 दिनों का संघर्ष, कैबिनेट बैठक में भावुक हो गए पीएम मोदी

**नई दिल्ली**

17 दिन के अथक प्रयासों के बाद अंततः सकुशल मजदूरों की सुरंग से निकासी हुई। इस ऑपरेशन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी पैनी निगाह बनाई हुई थी और लगातार अपडेट ले रहे थे। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कैबिनेट बैठक में यह जानकर बहुत भावुक हो गए कि उत्तरकाशी सुरंग के अंदर फंसे 41 मजदूरों को 17 दिन के ऑपरेशन के बाद बाहर निकाला गया।

**मजदूरों का अपडेट लेते थे पीएम मोदी**

बता दें कि 12 नवंबर से सिल्कयारा सुरंग में फंसे मजदूरों को निकालने का रेस्क्यू ऑपरेशन मंगलवार शाम को संपन्न हुआ। केंद्रीय मंत्री ने मंगलवार रात हुई कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव प्रचार के दौरान भी प्रधानमंत्री मोदी दिन में कम से कम दो बार सुरंग में फंसे मजदूरों का हाल पूछते थे।

## भारतीय उद्योग से रक्षा उत्पादन में गुणवत्ता की संस्कृति विकसित करने का आह्वान


**नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को नई दिल्ली में 'डीआरडीओ क्वालिटी कॉन्क्लेव' में भारतीय रक्षा निमार्ताओं से रक्षा उत्पादन में गुणवत्ता की संस्कृति विकसित करने का आह्वान किया है। उन्होंने इसे अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा के लिए एक पूर्व निर्धारित शर्त बताया है। राजनाथ सिंह ने कहा कि केवल गुणवत्ता वाले उत्पाद ही वैश्विक मांग पैदा करते हैं और यह भारत को एक वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग केंद्र तथा वास्तविक रक्षा निर्यातक बनाने में सहायता करेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि जो देश गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बनाते हैं, वे अपने उपकरणों को विश्व भर में निर्यात करते हैं। अच्छी गुणवत्ता के कारण इन प्लेटफार्मों की कीमतें काफी अधिक हैं, लेकिन यह ध्यान में रखा जाना चाहिए कि आयात करने वाले देश अत्याधुनिक उत्पादों के लिए सर्वाधिक कीमतें देने के लिए भी तैयार हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि देश के भीतर ऐसे उपकरणों के निर्माण से वैश्विक मांग बढ़ेगी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत की साख बढ़ेगी। राजनाथ सिंह ने कहा कि लागत नियंत्रण को सर्वाधिक महत्व दिया जाना चाहिए, लेकिन यह गुणवत्ता की कीमत पर नहीं होना चाहिए। हमें वैश्विक स्तर पर लागत स्पर्धी होना होगा, लेकिन यह शीर्ष गुणवत्ता वाले वर्ग में रहकर किया जाना है। उन्होंने उच्च गुणवत्ता वाली सैन्य प्रणालियों के निर्माण की आवश्यकता को रेखांकित किया जो प्रभावी, विश्वसनीय और सुरक्षित हों तथा सशस्त्र बलों को मिशनों को सफलतापूर्वक पूरा करने में सक्षम बना सकें। रक्षा मंत्री ने योग्यता प्राप्त उद्योगों के प्रतिनिधियों को उन्नत मैन्युफैक्चरिंग आकलन तथा रैंकिंग प्रणाली (समर) प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। इस अवसर पर रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने गुणवत्तापूर्ण प्रणालियां प्रदान करने की दिशा में डीआरडीओ की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने सभी हितधारकों से उच्च गुणवत्ता वाली स्वदेशी सैन्य प्रणालियों में आत्मनिर्भरता की दिशा में दृढ़ संकल्प और तालमेल रखने का अनुरोध किया।

## बंगाल की जनता कह रही है कि, दीदी अब आपका समय समाप्त हो चुका है: अमित शाह

**लखनऊ**

**केंद्रीय** गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में प्रतिवाद सभा को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट कर दिया कि, ह्यबंगाल की जनता कह रही है कि अब ममता दीदी का समय खत्म हो चुका है और 2026 के चुनावों में पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है ह्ल



सोनार बांग्ला तथा माँ, माटी और मानुष के नारे के साथ ममता बनर्जी ने कम्युनिस्टों को हटाकर सत्ता हासिल की, लेकिन बंगाल में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। देश के बाकी हिस्सों का विकास देखकर बंगाल की जनता यह जान चुकी है कि केंद्र से मोदी सरकार द्वारा बंगाल के लिए भेजे गए लाखों-करोड़ों रुपये को ळटउ का सिंडिकेट बंगाल के गरीबों तक नहीं पहुँचने देता है।

आज भी बंगाल में घुसपैठ, तुष्टिकरण, राजनीतिक हिंसा और भ्रष्टाचार अपने चरम सीमा पर है। कौन नहीं जानता है कि ममता बनर्जी सरकार में बंगाल में घुसपैठियों को खुलेआम वोटर कार्ड और आधार कार्ड बाँटे जा रहे हैं। यही कारण है कि ममता दीदी उअअ का विरोध कर रही है। दीदी शायद यह नहीं समझ पा रही है कि उअअ देश का एक कानून है और शाह ने अगर ठान लिया है तो यह लागू होकर रहेगा।

## ये डबल इंजन की सरकार है, ये कहती नहीं करके दिखाती है: सीएम योगी

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन डेंगू के मुद्दे पर अखिलेश यादव को दिया करारा जवाब

**लखनऊ**

उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन डेंगू पर विपक्ष के सवालों का सीएम योगी ने करारा जवाब दिया।



खासकर उन्होंने नेता प्रतिपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज के संबंध में जो वक्तव्य दिया गया है तो याद रखना कि ये डबल इंजन की सरकार है, ये कहती नहीं बल्कि करके भी दिखाती है। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया था कि सरकारी अस्पतालों में लोगों को डेंगू का इलाज नहीं मिल रहा और लोग प्राइवेट अस्पतालों में इलाज के लिए मजबूर हैं। नेता प्रतिपक्ष और सपा विधायकों के सवालों का जवाब डिप्टी सीएम और हेल्थ मिनिस्टर ब्रजेश पाठक दे रहे थे। विपक्षी विधायकों के शोर-शराबे के बीच सीएम योगी खड़े हुए और उन्होंने चुन-चुनकर सारे आरोपों का जवाब दिया।

**पूरा जवाब सुनेंगे तो पुराना इतिहास याद आने लगेगा**

सीएम योगी ने कहा कि विपक्ष ने डेंगू पर जैसा प्रश्न किया, वैसा ही उसका उन्हें उत्तर मिल रहा है। जब प्रश्न ही उल्टा था तो उस उल्टे प्रश्न को सही करने का प्रयास था।

## दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार, ग्रैप 2 की पाबंदियों के लिए सरकार सख्त



**नई दिल्ली**

राजधानी दिल्ली में प्रदूषण के मद्देनजर ग्रैप एक और दो की पाबंदियों का सख्ती से पालन करवाने को लेकर बुधवार को दिल्ली सचिवालय में पर्यावरण विभाग और डीपीसीसी की एक संयुक्त बैठक हुई। इसमें ग्रैप 2 की पाबंदियों का सख्ती के साथ पालन कराने का निर्णय लिया गया। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 2-3 दिनों से मौसम में बदलाव होने से प्रदूषण के स्तर में गिरावट दर्ज की जा रही है। इसे देखते हुए सीएक्यूएम ने ग्रैप 3 से सबंधित पाबंदियों को वापस ले लिया गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में अगर हवा की गति कम होगी तो प्रदूषण का स्तर बढ़ सकता है। इसलिए स्थिति ज्यादा न बिगड़े, दिल्ली में ग्रैप-1 तथा ग्रैप-2 के नियम अभी लागू रहेंगे। गोपाल राय ने आगे कहा कि पर्यावरण विभाग द्वारा प्रदूषण की रोकथाम के लिए सभी संबधित विभागों को आदेश जारी किया गया है। एंटी डस्ट कैम्पेन, एंटी ओपन बर्निंग अभियान और पीयूसी चेकिंग टीमों को पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करते रहने के लिए कहा गया है। गोपाल राय ने कहा कि हॉट स्पाट पर सभी नियमों का कड़ाई से पालन जारी रखने का आदेश दिया गया है। टीमों को लगातार मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि अभी प्रदूषण की स्थिति को देखते हुए ग्रैप-1 और ग्रैप 2 के नियम लागू रहेंगे और दिल्ली में सभी संबंधित एजेंसियों द्वारा लगातार निगरानी और समीक्षा की जाएगी।

## कानपुर के कारोबारी मनीष गुप्ता की पीटकर हत्या करने के मामले में सुनवाई 12 दिसंबर को

**नई दिल्ली**

दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने गोरखपुर में कथित तौर पर पुलिस की ओर से कानपुर के कारोबारी मनीष गुप्ता की पीटकर हत्या करने के मामले की सुनवाई टाल दिया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 12 दिसंबर को करने का आदेश दिया। कोर्ट को सूचित किया गया कि सीबीआई ने इस मामले में पूरक चार्जशीट दाखिल की है। कोर्ट को ये भी बताया गया कि हाई कोर्ट में मनीष गुप्ता की पत्नी की ओर से दाखिल याचिका अभी लंबित है और हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट में सुनवाई पर रोक लगा दी है। दिल्ली हाई कोर्ट ने 01 फरवरी को इस मामले में ट्रायल कोर्ट में चल रही कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के 22 दिसंबर 2022 और 9 जनवरी 2023 के दो आदेशों पर भी रोक लगाई थी। हाई कोर्ट ने इस बात पर गौर किया था कि ट्रायल कोर्ट ने इस मामले में छह पुलिसकर्मियों में से पांच के खिलाफ हत्या का आरोप तय नहीं किया। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 22 दिसंबर 2022 को मृतक मनीष गुप्ता के परिवार वालों की उस अर्जी को खारिज कर दिया था, जिसमें उन्होंने कोर्ट की मदद करने की अनुमति मांगी थी। 09 जनवरी को कोर्ट ने मामले के छह आरोपितों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 323 और 34 के तहत आरोप तय किए थे। ट्रायल कोर्ट ने हत्या की धारा 302 के तहत केवल आरोपित और थाना प्रभारी जगत नारायण सिंह के खिलाफ ही आरोप तय किया था।

## शीर्ष अदालत ने लंपी रोग को रोकने के लिए उठाए गए कदमों पर जताया संतोष

**नई दिल्ली**

**उच्चतम** न्यायालय ने मवेशियों में गांठदार (लंपी) त्वचा रोग से जुड़े मुद्दों को उठाने वाली दो अलग-अलग याचिकाओं पर सोमवार को कार्यवाही बंद कर दी। शीर्ष अदालत ने गायों और अन्य जानवरों के टीकाकरण और बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों का भी जिक्र किया। लंपी त्वचा रोग एक वायरल संक्रमण है जो मवेशियों को प्रभावित करता है। इसके शुरूआती लक्षणं में पशुओं को बुखार हो जाना, त्वचा पर गांठ पड़ जाना शामिल है। इस रोग से मवेशियों की जान भी जा सकती है। यह रोग मच्छरों, मक्खियों, जूं और ततैयों के मवेशियों के साथ सीधे संपर्क में आने और दूषित भोजन-पानी के जरिए फैलता है। सर्वोच्च न्यायालय ने अधिकारियों द्वारा उठाए गए कदमों पर संतोष जताया और कहा कि इन कार्यवाहियों को फिलहाल बंद किया जा सकता है।

## पूर्वोत्तर के प्रतिबंधित संगठन ने शांति समझौते पर किए हस्ताक्षर

**इंफाल**

केंद्र और राज्य के साथ लंबी चली वार्ता के बाद मणिपुर में एक प्रतिबंधित यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) ने एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसे लेकर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने एक पोस्ट कर खुशी जाहिर की। इससे पहले, मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने कहा था कि एक प्रतिबंधित संगठन के साथ बातचीत आगे बढ़ रही है। उन्होंने उम्मीद जताई थी कि बहुत जल्द एक बड़े भूमिगत संगठन के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर होंगे।

**शांति समझौते के लिए गृह मंत्रालय पहुंचे लोग**

यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) ने केंद्र और मणिपुर सरकार के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। छह दशक लंबे सशस्त्र




आंदोलन के अंत का प्रतीक माना जा रहा समझौता यूएनएलएफ पाम्बेई समूह के सदस्यों की मौजूदगी में हुआ। समझौते के लिए सभी लोग राष्ट्रीय राजधानी में गृह मंत्रालय पहुंचे।

**अमित शाह ने किया पोस्ट**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि 'एक ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल हुआ!!! पूर्वोत्तर में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए मोदी सरकार के अथक प्रयासों ने पूर्ति का एक नया अध्याय जोड़ा है क्योंकि यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) ने आज एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। मणिपुर का सबसे पुराना सशस्त्र समूह यूएनएलएफ हिंसा को त्यागने और मुख्यधारा में शामिल होने के लिए सहमत हो गया है। मैं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में उनका स्वागत करता हूं और शांति और प्रगति के पथ पर उनकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं देता हूं।' इस साल मैतई समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलो में 'आदिवासी एकजुटता मार्च' आयोजित किए थे, जिसके बाद से राज्य में भड़की हिंसा में 180 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

# शादी समारोह से लौटते समय अनियंत्रित होकर पलटी कार, चालक की हुई मौत


अखंड भारत संदेश



**कोरांव।** खीरी थाना क्षेत्र के खपटिहा गांव में बीती मंगलवार की देर रात्रि शादी समारोह से लौट रहे युवक की कार अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट जाने से कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कटर में बैठा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार खीरी थाना क्षेत्र के खीरी बाजार निवासी मनीष केशरवानी (38) पुत्र जीत लाल केशरवानी अपने साथी सुशील केसरवानी के साथ लेडियारी बाजार निवासी रामलाल केसरवानी के बेटे की बारात चाकघाट बघेड़ी मध्य प्रदेश गया हुआ था। शादी समारोह से वापस घर लौटते समय खीरी ग्राम सभा के खपटिहा गांव के सामने कार अनियंत्रित होकर सड़क पर ही कई कलथनी खाते हुए पलट गई। हादसे में कर चालक मनीष व साथी सुशील गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में परिजन दोनो घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने मनीष को मृत घोषित कर दिया जबकि कार में बैठे साथी सुशील का उपचार चल रहा है। मृतक मनीष को डेढ़ वर्ष का पुत्र और 7 माह की पुत्री है। वीभत्स हादसे को लेकर माता-पिता पत्नी समेत अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था।

## मनु का पुरा हाईवे पर दो बाइकों में आमने-सामने टक्कर एक बाइक सवार की मौत

अखंड भारत संदेश



**सिरसा।** क्षेत्र के मनु का पुरा हाईवे पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गय। दुर्घटना में एक बाइक सवार की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची मेजा पुलिस शव को पोस्टमार्टम भेज कार्रवाई में जुटी रही।जानकारी के अनुसार कोढा

नया गांव निवासी पूर्व प्रधान राम सजीवन पुत्र गुलाब चंद्र 55 वर्ष बाइक से किसी काम हेतु गए थे। घर वापसी के दौरान गांव के समीप मनु का पूरा हाईवे पर सामने की तरफ से आ रही एक बुलेट बाइक से टक्कर हो गयी। दुर्घटना के थोड़ी देर बाद ही पूर्व प्रधान राम सजीवन की मौत हो गई, जबकि दूसरा बाइक सवार अपनी बुलेट मौके पर छोड़ फरार हो गया। दुर्घटना की जानकारी परिजनों को हुई, तो वह रोते हुए घटनास्थल पहुंच गए। देखते ही देखते हाईवे पर काफी लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गयी। वहीं सूचना पर पहुंची मेजा पुलिस ने मृतक केशव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुटी रही। प्रभारी कोतवाल राजेश उपाध्याय ने बताया कि मृतक के भतीजे आनंद कुमार पुत्र राममिलन के तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की मोटरसाइकिल यूपी 70 एफपी 6108 को कब्जे में लिया गया है शव को पोस्टमार्टम भेज पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है।



## हर्रो टोल प्लाजा पर भाकियू टिकैत ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**बारा।** हर्रो टोल प्लाजा पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने प्रमुख मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए समस्याओं के समाधान की मांग कही है ‍ीवा राष्ट्रीय राजमार्ग के हर्रो टोल प्लाजा पर तमाम समस्याओं के समाधान के लिए प्रमुख मांगों के साथ जोरदार प्रदर्शन करते हुए किसानों ने कहा कि टोल प्लाजा के 5 किलोमीटर की परिधि के गांवों के व्यक्तियों के लिए टोल फ्री किया जाए, धान क्रय केंद्रों पर कांटा बढ़ाया जाए, क्रय केंद्रों पर बोरी उपलब्ध कराई जाए, किसानों के ट्रैक्टर एवं गाड़ियों को बिना टैक्स आने-जाने दिया जाए। मामले को लेकर गन्ने टोल प्लाजा के मैनेजर संतोष द्विवेदी एवं चौकी इंचार्ज गन्ने के बीच वार्ता कर एक सप्ताह में समाधान करने का आश्वासन दिया गया तथा साथ में यह भी कहा गया कि किसानों के साधन को रोका नहीं जाएगा। क्रय केंद्र सुरबल साहनी का निरीक्षण कर किसानों की परेशानी को समझकर एम आई से वार्ता कर समाधान कराया गया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर किसानों के समस्याओं का एक सप्ताह के अंदर समाधान नहीं किया गया तो किसान बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होंगे जिसकी जवाब देही शासन और प्रशासन की होगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष लल्लू प्रसाद पटेल, जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह, अवध राज सिंह, अवध नारायण पटेल, शाकिर अहमद, गगन सिंह आदि तमाम भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।



## भागवत कथा मानव जीवन का सार : शेष नारायण मिश्र

**बारा।** तहसील मुख्यालय पर चल रही भगवात कथा के समापन दिवस पर कथाव्यास शेष नारायण ने दान के महत्ता की चर्चा करते हुए बताया कि श्री कृष्ण जी ने अपने मित्र सुदामा को दो मुट्ठी तंदुल के बदले दो लोक उपहार में दे दिया। वर्तमान कलिकाल में भी दान उसी को दिया जाना चाहिए जो दान का पात्र हो। सच्चे मित्र की पहचान हमेशा दुःख में ही होती है। मानव को मनसा, वाचा कर्मणा के आधार पर जो भी करें उसे नारायण को समर्पित करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य यजमान कनक लता एवम सुरेश चन्द्र केसरवानी, बृज बिहारी केसरवानी, प्रेमचंद्र केसरवानी, बब्लू केसरवानी, पन्ना लाल जायसवाल, शिव प्रसाद शर्मा, लालाजी यादव, नितिन श्रीवास्तव, राजकरन भारती, राज कुमार केसरवानी, शुभ केसरवानी, रौनक केसरवानी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजक निष्ठा व अमित केसरवानी ने आये हुए समस्त भक्तजनो का आभार प्रकट किया।

# ग्राम चौपाल में सुनी गई ग्रामीणों की शिकायतें

### आवास वृद्धा विधवा दिब्यांग पेंशन व शौचालय की शिकायतों का हुआ निस्तारण




**कोरांव।** विकासखंड कोरांव के धोबहट ग्राम पंचायत में ग्राम चौपाल का आयोजन नोडल अधिकारी रामेश्वर सिंह एडीओ आईएसबी की मौजूदगी में किया गया। ग्राम चौपाल कार्यक्रम में एडीओ सांख्यिकी राजेंद्र प्रसाद यादव भी मौजूद रहे। ग्राम प्रधान रामबली व ग्राम पंचायत सचिव की मौजूदगी में ग्रामीणों ने आवास, वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन व शौचालय को लेकर शिकायतें दर्ज कराई। जिस पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा मौके पर ही निस्तारण करते हुए वास्तविक पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने की बात कही गई। ग्राम चौपाल में उपस्थित रहे ग्रामीणों को बताया गया कि ग्राम पंचायत कार्यालय पर वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन, आधार, खतौनी आदि के लिए अब आपको दूर या बाजार नहीं जाना पड़ेगा आपके गांव में ही ऑनलाइन की पूरी सुविधाएं मुहैया कराई गई है। ऑनलाइन से संबंधित किसी भी कार्य को आप अपने ग्राम पंचायत के कार्यालय पर करा सकते हैं। इससे आपके धन व समय दोनों की बचत होगी। ग्राम चौपाल कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### उज्जवल रमण सिंह दोबारा बने मोती महल मेमोरियल सोसायटी के अध्यक्ष

**पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं में दिखा उत्साह, दी बधाई**



**कोरांव।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री पूर्व विधायक कुंवर उज्जवल रमण सिंह को दोबारा मोती महल मेमोरियल सोसायटी का अध्यक्ष बनाए जाने पर स्थानीय पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने उत्साह के साथ बधाई दी है। जैसे ही दोबारा अध्यक्ष बनने की खबर लोगों में आम हुई वैसे ही समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं व पदाधिकारियों ने बैठक कर बधाई दी। ज्ञातव्य हो कि मोती महल मेमोरियल सोसायटी की स्थापना उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चंद्रभानु गुप्त द्वारा की गई थी। सपा नेता प्रमोद मिश्र पयासी ने कहा कि पूर्व कैबिनेट मंत्री उज्जवल रमण सिंह के कुशल नेतृत्व को लेकर दोबारा मोती महल मेमोरियल सोसायटी का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है, जो गौरव की बात है। उन्होंने नव निर्वाचित अध्यक्ष उज्जवल रमण सिंह को बधाई दी। इस अवसर पर बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य सोमदत्त सिंह पटेल, सपा नेता राजेश पांडेय, महताब खान, विजय केसरी, भागीरथी केसरी, मासूक अली, देवेंद्र पटेल पूर्व प्रधान, सूरज यादव, शहादत अली आदि लोग शामिल रहे।

### तीसरी पेरेंट्स काउंसिलिंग का आयोजन में 47 अभिभावकों ने हिस्सा लिया



**मऊआइमा।** तीसरी पेरेंट्स कांउसिलिंग का आयोजन मऊआइमा ब्लाक संसाधन केंद्र पर आयोजन किया गया।जिसमें 47 अभिभावकों ने हिस्सा लिया। मऊआइमा ब्लाक संसाधन केंद्र हरिसेनगंज में समग्र शिक्षा के अन्तर्गत तीसरी बार पेरेंट्स काउंसिलिंग का आयोजन हुआ। जिसमें कुल 47 अभिभावकों ने हिस्सा लिए। बैठक का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी ने किया।इस अवसर पर अभिभावकों ने अनेकों प्रकार के सुझाव दिए।इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक मोहम्मद सफी का अहम योगदान रहा।

### यूपीएससी में मेजा के लाल अमित को मिली 12वीं रैंक



**मेजा।** संघ लोक सेवा आयोग की इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा में मेजा तहसील के गेदुराही गांव के अमित यादव ने मकैनिकल इंजीनियरिंग में १२वीं रैंक प्राप्त कर अपने जिले के साथ क्षेत्र का नाम रौशन किया है। अमित ने अपनी शुरूआती पढ़ाई आरए कॉन्वेंट स्कूल मेजा रोड से पूरी की। उसके बाद उन्होंने आईटी लखनऊ से बीटेक किया। फिलहाल अमित यादव प्रतापगढ़ राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में बतौर प्रोफेसर कार्यरत हैं। नौकरी के साथ उन्होंने तैयारी भी जारी रखा। सफलता मिलने उनके भाई अतुल यादव ने सभी को मिठाई खिलाकर खुशी का जश्न मनाया।

### पशु आरोग्य शिविर का आयोजन कर दी गई जानकारी



**सहसों।** विकास खण्ड सहसों क्षेत्र के ग्राम सभा तिवारीपुर में बुधवार को पशुपालन विभाग प्रयागराज के तत्वाधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक दिवसीय विकास खण्ड स्तरीय पशु आरोग्य शिविर/मेला का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर शशि भूषण यादव पशु चिकित्सा अधिकारी बहादुरपुर एवं डॉक्टर अनिल कुमार यादव पशु चिकित्सा अधिकारी सहसों की टीम द्वारा उपस्थित किसानों एवं ग्रामीणों तथा महिलाओं को जागरुक करते हुए पशुओं में होने वाले विभिन्न प्रकार के रोगों एवं उनके बचाव तथा उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रधान बाल गोविंद तिवारी के हाथों शिविर/मेला का फीता काट कर शुभारंभ करते लोगों में निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। इस अवसर पर वेद प्रकाश फार्मासिस्ट पशु सहसों, सुदीप सिंह पशुधन प्रसार अधिकारी टटिहरा, बलवंत वीर सिंह पशुधन प्रसार अधिकारी दशवतपुर, अनिल कुमार सरोज पशुधन प्रसार अधिकारी खोदायपुर एवं मेले में काफी संख्या में किसान, ग्रामीण एवं महिलाएं जानकारी प्राप्त करते उपस्थित रहे।

### बिकी हुई जमीन को प्राड करके दो बार बेचा, चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** एक व्यक्ति का मऊआइमा के कई लोगों से दोस्ती है। आरोप है कि दोस्तों ने एक षडयंत्र रच कर बिकी हुई जमीन को तेईस लाख में बेच डाले। पैसा मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गई। भुक्तभोगी ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मालूम हो कि फाफामऊ मलाक हर हर निवासी लालजी पुत्र स्वर्गीय सरजू का कहना है कि उससे मऊआइमा के कई लोगों से दोस्ती है। लालजी के अनुसार मेरे परिचित रामदयाल और गोविंद निवासी रमना ने बताया कि उसके साले कृष्ण कुमार पुत्र स्वर्गीय साहू मलखानपुर के पास काफी जमीन है वह बेच रहे हैं। बताया गया है कि लालजी विश्वास करके दस हजार रूपया एडवांस रक दे दी।लालजी के अनुसार फिर उन्होंने आर टी जी एस बैंक ऑफ बड़ौदा में कृष्ण कुमार के बैंक खाते में तेईस लाख रुपए दे दिया।तथा 7 जुलाई 2022 को बैनामा भी करा लिया।लालजी के अनुसार उन्हें 10 जुलाई 2023 को मालूम हुआ कि उक्त जमीन को पूर्व में दूसरे के हाथ बेची जा चुकी है। इस प्रकार जालसाजी फ्राड छल कपट से परेशान लालजी का आरोप है कि जब वह अपना पैसा मांगने गया तो उसे मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। लालजी ने मऊआइमा थाने में गोविंद पुत्र राम अधार, ग्राम रामचौरा दुगार्गंज रानीगंज प्रतापगढ़ ,रामदयाल पुत्र मोहन निवासी ग्राम रमना मऊआइमा,शिवराम पुत्र राम अभिलाष ग्राम अधारगंज पिलखुआं, कृष्ण कुमार पुत्र स्वर्गीय साहू मलखानपुर के खिलाफ छल कपट बेइमानी अमानत में ख्यानत फ्राड आदि का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज में वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम



**कोरांव।** गोपाल इंटर कालेज कोरांव में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि तहसीलदार कोराव अजय कुमार संतोषी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष कोरांव ओम प्रकाश केशरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उक्त लोगों के अतिरिक्त समाज के गणमान्य व्यक्तियों में प्रमोद पयासी, बबुआन द्विवेदी, गोपाल चतुवेर्दी, अभिभावक संघ के अध्यक्ष रविंद्र प्रताप सिंह, शिव बालक कोल आदि की उपस्थिति में नन्हे मुन्ने बच्चों ने एकांकी,गीत, भाषण जैसे कार्यक्रम प्रस्तुत किए।जिसमें अधिकतर बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता एवं चंद्रयान से संबंधित मॉडल का निरीक्षण मुख्य अतिथि तहसीलदार कोराव एवं नगर पंचायत अध्यक्ष ओम केसरी ने किया।और बच्चों के इस कार्य के लिए भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष रुद्र नारायण बाजपेई ने अपनी स्वरचित रचना "तुम्हारे साथ चलना था" जैसी सुंदर पंक्ति प्रस्तुत की जिससे समस्त अतिथियों ने सराहा। प्रधानाचार्य साबिर अली ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम के समस्त अध्यापक, अध्यापिका और छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

### लाखों रुपए खर्च फिर भी शो पीस बनकर रह गया पंचायत भवन

**जंघई।** सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन हेतु लाखों रुपए खर्च करके बनाया गया पंचायत भवन शो पीस बनकर रह गया है। यहां ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारियों के न बैठने से लोगो को खंड विकास अधिकारी कार्यालय में चक्कर लगाना पड़ता है।जबकि सरकार का निर्देश है कि ग्राम सभाओं में बने पंचायत भवन पर सेक्रेटरी बैठे।पंचायत भवन में ग्राम पंचायत के लोगो को परिवार रजिस्टर का नकल, बच्चों का आधारकार्ड, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र, विकलांग पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाता है।ब्लाक कर्मियों को हिदायत व निर्देश है कि सभी ग्राम विकास अधिकारी पंचायत भवन में बैठकर गांवों में ही समस्या का हल कराए। वहीं एक दिन तो दूर एक साल से कोई भी कर्मचारी नहीं बैठ रहा है इसके लिए लोगों को ब्लाक के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। उच्चाधिकारियों का कहना है कि ब्लाक मुख्यालय पर आवास पर मौजूद ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारियों को पत्र जारी कर सभी को गांवों में बने पंचायत भवन पर रोस्टर के तहत मौजूद होकर समस्या के निस्तारण के लिए निर्देशित किया जा चुका है । यदि कोई सेकेट्री पंचायत भवन पर उपस्थित नहीं होते है तो अधिकारियों को अवगत कराते हुए कार्रवाई की जाएगी।

## राम का आदर्श और उनकी लीला सनातन धर्म में फूंकते है नवीन प्राण : श्यामकांत शुक्ला



**मेजा।** रामलीला सनातन धर्म की रीढ़ है। जैसे रीढ़ की हड्डी के बिना इस शरीर का खड़ा रहना मुश्किल है, उसी तरह राम, राम की लीला और राम के आदर्शों के बिना सनातन धर्म का मजबूती के साथ खड़ा रहना मुश्किल है । उक्त बातें रामलीला मंचन के दौरान भारतीय सनातन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष, एव लोकप्रिय समाजसेवी श्यामकांत शुक्ला उर्फ लहरी भइया ने मंच से दर्शकों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भगवान राम के आदर्श और उनका रामलीला के माध्यम से मंचन हर साल सनातन धर्म में नवीन प्राण फूंकते है, जिससे सनातन हिंदू धर्म प्रतिवर्ष मजबूत होता है।उल्लेखनीय हैं कि मेजा एवं करछना के गावों में घूमकर रामलीला देखना और रामलीला समितियों को आर्थिक सहयोग करने का मुहिम आज भी लहरी भइया चला रहें हैं। गांव वालों के अनुरोध पर में रामलीला देखने पहुंचते हैं। और मंच पर रामलीला समिति की ओर से उनका भव्य स्वागत किया जाता हैं। लहरी भइया ने दर्शकों को संबोधित कर कलाकारों का उत्साह बढ़ाने के लिए रामलीला समिति को पांच हजार एक सौ रुपए का आर्थिक सहयोग भी किया करते हैं। भारतीय सनातन सेना के 2 अध्यक्ष लहरी भइया ने सभी सनातनियों की एकता पर जोर देते हुए सभी को साधुवाद का आशीर्वाद भी देते है। उन्होंने हाल ही में भी मेजा और करछना क्षेत्रों के कई गांव में हो रहे रामलीला कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं। इस दौरान उनके साथ हर्रई गांव के प्रधान विजय शंकर तिवारी, अभिमन्यु तिवारी, शंकर मनी पांडेय, दीपक तिवारी, शेषनारायण तिवारी, जगदीश तिवारी, रवि शंकर तिवारी, गणेश बाबा गिरी व्यास जी, भाजपा नेता जगत नारायण शुक्ला, राम शंकर तिवारी उर्फ सौखी तिवारी, छात्र नेता हेमंत तिवारी, पप्पू बिंद, गनर बृजराज गिरी और गांव तथा आस पास के हजारों दर्शक भी मौजूद रहते हैं।

# हेल्पलाइन नंबर बताकर छात्राओं को पुलिस ने किया जागरूक

अखंड भारत संदेश





**शंकरगढ़।** एनएसके इंटर कॉलेज शंकरगढ़ में पुलिस द्वारा छात्राओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। जानकारी देते हुए बताया गया कि कहीं आते जाते यदि रास्ते में अथवा कार्य स्थल या फिर घर के आसपास या आपको कोई शारीरिक या मानसिक रूप से प्रताड़ित करता है या मैसेज फोन आदि करता है या कहीं कोई मनचला आपको परेशान करें तो घबराएं कदापि नहीं, ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए टोल फ्री नंबर पर कॉल करके पुलिस को सूचना देकर सहायता प्राप्त कर सकते हैं इसमें आपको घर भी सुरक्षित पहुंचा दिया जाएगा।इस दौरान वूमेन पावर लाइन- 1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, चिकित्सीय सहायता हेतु 108, पुलिस कंट्रोल नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 आदि के बारे में भी जानकारी दी गई और साथ ही कहा कि शिकायत करने वालों का नाम पता गोपनीय रखा जाएगा। इस मौके पर शंकरगढ़ थाने की पुलिस टीम एवं कॉलेज के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी, प्रधानाचार्य प्रताप बहादुर सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्रा, अशोक त्रिपाठी, विजय शंकर मिश्रा ,उत्तम सिंह बघेल, दीपक विश्वकर्मा, प्रदीप मिश्रा ,श्याम नारायण द्विवेदी ,लक्ष्मी नारायण वर्मा, पुष्पराज सिंह, कमलाकर सिंह, राजेश सिंह, अनिल कुमार, आभा मिश्रा, कामिनी सिंह, अनीता सिंह, अर्चना सिंह, माया सिंह समेत समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

## फर्जी जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बन कर लूट रहा वाहवाही, कार्रवाई की मांग

**कोरांव।** कोरांव थाना क्षेत्र में बहुत से बहुरूपिया फर्जी,वकील,फर्जी पत्रकार, फर्जी नेताओं के प्रतिनिधि बनकर ब्लैक मेलिंग का कार्य करने वालो की भरमार हो गई है। जिससे वास्तविक पत्रकार, वकील और प्रतिनिधि सरकारी गैर सरकारी कार्यालयों में धौंस पट्टी देनें का कार्य करते देखे जा सकते हैं। तहसील कोरांव के एक फर्जी जिला पंचायत सदस्य प्रयागराज बन कर श्रम विभाग प्रयागराज मंडल कार्यालय से उप श्रमायुक्त से आरटी आई 2005 के तहत कुछ वांछित सूचनाएं मांगी है। जिस संदर्भ में उक्त अधिकारी ने जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पूजा सिंह पटेल से किसी के माध्यम से जानकारी प्राप्त कराई कि क्या सूचना मांग कर्ता पवन कुमार पाल ग्राम अल्हवा ब्लॉक कोरांव वास्तव में जिला पंचायत सदस्य प्रयागराज का अधिकृत प्रतिनिधि है या नहीं। इस संदर्भ में पूजा सिंह के पति राजेश सिंह पटेल ससारपुर ने बताया कि हम खुद अपनी पत्नी पूजा सिंह के

**फर्जी जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि बन कर लूट रहा वाहवाही**

प्रतिनिधित्व करते हैं किसी अन्य को प्रतिनिधि चुनने या बनाने का प्रश्न ही नहीं उठता। बल्कि जिले के किसी भी सदस्य या सदस्या का कोई भी लिखित रूप से पवन कुमार पाल जिला पंचायत सदस्य का प्रतिनिधि नहीं है। लिखित रूप से श्रीमती पूजा सिंह पटेल से प्रतिनिधि लिख कर देने हेतु अपने बचाव में प्रयास कर रहा है,किंतु कोई लिखित रूप से प्रतिनिधि बनाने का प्रमाण पत्र नहीं दे रहे। इसी तरह एक बार उक्त युवक फर्जी पत्रकार बन कर शोहरत हांशिल कर रहा था,जिस पर शहजादे वरिष्ठ पत्रकार ने पुलिस को सूचना दिया था और तत्कालीन थानाध्यक्ष ने कार्यवाही की थी। उक्त युवक सूचना मांग कर्ता पर धोखाधड़ी सहित आधा दर्जन से अधिक मामले अपराध के थाना कोरांव खीरी में दर्ज है। लोगों ने कार्यवाही की मांग की है।

# संगम नगरी में गंगा की रेती पर बसने वाले माघ मेले की तैयारियां शुरू, पुलिस अधिकारियों ने किया भूमि पूजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज में गंगा की रेती पर बसने वाले माघ मेले की तैयारियां शुरू हो गयी है। जनवरी 2024 में शुरू होने वाले माघ मेले की तैयारियों के सिलसिले में मेला क्षेत्र में पुलिस विभाग की तरफ से तैयारियां प्रारम्भ कर दी गई हैं। बुधवार को माघ मेला, पुलिस लाइन्स के लिए अधिकारियों ने मिलकर भूमि पूजन किया। पुलिस विभाग के इस भूमि पूजन के साथ ही पुलिस लाइन के निर्माण के लिए भी कार्य शुरू कर दिया जाएगा। माघ मेला क्षेत्र में पुलिस लाइन के अलावा थाना, चौकी, चेकिंग पॉइंट, फायर स्टेशन आदि का भी निर्माण करवाया जाता है। प्रत्येक वर्ष लगने वाले माघ मेला की तैयारियों के प्रारम्भ होने का सिलसिला शुरू हो गया है, इसके पश्चात मेला क्षेत्र में पुलिस थानों और पुलिस चौकियों के निर्माण के कार्य भी प्रारम्भ हो जायेंगे, साथ ही मेला क्षेत्र में पुलिस कर्मियों की तैनाती भी शुरू कर दी जायेगी। महाकुम्भ मेला वर्ष 2024-25 में प्रयागराज में आयोजित होना है, इसके ठीक पहले जनवरी 2024 से शुरू होने वाले माघ मेला को पुलिस कुम्भ मेला के अभ्यास के रूप में आयोजित करने जा रही है। इस माघ मेला की तैयारी पिछले माघ मेला से बेहतर बनाने के लिए पुलिस आयुक्त की तरफ से विशेष रणनीति के तहत योजना बनाई जा चुकी है। माघ मेला-2024 के प्रमुख स्नान पर्व क्रमशः मकर संक्रांति (15



जनवरी), पौष पूर्णिमा (25 जनवरी), मौनी अमावस्या(09 फरवरी), बसंत पंचमी (14 फरवरी), माघी पूर्णिमा (24 फरवरी) एवं महा शिवरात्रि (08मार्च) के तहत माघ मेला के दौरान सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था की जायेगी।

## पुलिस अधिकारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया भूमि पूजन

बुधवार को अपर पुलिस महानिदेशक, प्रयागराज जोन भानू भास्कर, पुलिस आयुक्त प्रयागराज रमित शर्मा, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल तथा पुलिस उपायुक्त यमुनानगर अभिनव त्यागी, पुलिस उपायुक्त गंगानगर अभिषेक भारती एवम सहायक पुलिस आयुक्त एवं माघ मेला से जुड़े अधिकारियों ने विधि-विधान तथा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ माघ मेला क्षेत्र मे त्रिवेणी रोड पर पुलिस लाइन के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। इस दौरान अधिकारियों ने माघ मेला के निर्विघ्न रूप से प्रारम्भ होने तथा उसके सकुशल सम्पन्न होने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

# महिला ने ट्रेन में बच्चे को दिया जन्म, अस्पताल में कराया गया शिफ्ट

**प्रयागराज।** कालका एक्सप्रेस (12312) के टुंडला स्टेशन पहुंचने से पहले गाड़ी के बी-तीन कोच में सवार गर्भवती महिला यात्री अर्चना को प्रसव पीढ़ा शुरू हो गई। इसकी सूचना मिलने पर रेल प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए डॉक्टरों की एक टीम को सक्रिय कर दिया। इससे ट्रेन के टुंडला स्टेशन पहुंचने से पहले ही तैयारियां पूरी कर ली गईं।ट्रेन के स्टेशन पहुंचते ही रेलवे डॉक्टर संजय द्विवेदी अपने सहयोगियों के साथ तुरंत बी-तीन कोच में पहुंचे, जहां पहले ही महिला का प्रसव हो चुका था। महिला ने एक लड़के को जन्म दिया है। डॉ. संजय ने जच्चा-बच्चा दोनों को प्राथमिक उपचार मुहैया कराया। इसके बाद महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टुंडला के लेबर रूम में भर्ती कराया गया। डॉ. लाखन सिंह व महिला स्टाफ की देखरेख में महिला का उपचार चल रहा है। रेलवे सुरक्षा बल से हेड कांस्टेबल विक्रम सिंह, लेडी कांस्टेबल नेहा और महिला के पति इस दौरान मौजूद रहे।

# मेजा ऊर्जा निगम को पर्यावरण उत्कृष्टता के लिए मिला ग्रीनेटेक पर्यावरण पुरस्कार

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम को पर्यावरण उत्कृष्टता की श्रेणी में अपनी उपलब्धियों के लिए ग्रीनटेक फाउंडेशन द्वारा 23वें ग्रीनटेक पर्यावरण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनील कुमार ने बधाई देते हुए कहा कि यह पुरस्कार पर्यावरण संरक्षण के प्रति कर्मचारियों की मेहनत और प्रतिबद्धता है। उल्लेखनीय है कि सोनमर्ग जम्मू कश्मीर में आयोजित हुए एक कार्यक्रम के दौरान यह पुरस्कार मुख्य सचिव असम सरकार आई ए एस रविशंकर प्रसाद द्वारा पर्यावरण प्रबंधन विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक सौरभ पाठक को प्रदान किया गया।गौरतलब है कि मेजा ऊर्जा निगम द्वारा किए गए पर्यावरण संरक्षण खासकर पौधारोपण एवं जैव विविधता संरक्षण के प्रयासों को इस पुरस्कार द्वारा सराहा गया। मेजा ऊर्जा निगम अब तक अपने आस पास के क्षेत्रों में 350; 000 से अधिक पौधारोपण का कार्य किया है साथ ही साथ काले हिरणों के संरक्षण में भी सराहनीय योगदान दिया है जिसको जम्मू कश्मीर के कार्यक्रम में काफी सराहा गया। निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनील कुमार ने इस संबंध में सभी कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह पुरस्कार कर्मचारियों की मेहनत एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने आगे कहा कि निगम आगे भी इस तरह का निरंतर प्रयास करता रहेगा जिससे मेजा ऊर्जा निगम अपने आस पास के वातावरण को शुद्ध रख सके और पर्यावरण सामाजिक एवं कॉरपोरेट प्रशासन ( ई एस जी ) लक्ष्यों को पूरा करने में अपना महत्व पूर्ण योगदान दे सके। कार्यक्रम के दौरान रविशंकर प्रसाद के अतिरिक्त असम प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष डॉ अरुण कुमार मिश्रा तथा सचिव शांतनु कुमार दत्ता भी मौजूद रहे।

## ग्रीनटेक पुरस्कार दशार्ता है निगम के कर्मचारियों की पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता : सुनील कुमार




# मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्च स्तरीय बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं के अनुभव को और दिव्य एवं भव्य बनाने के दृष्टिगत मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उच्च स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा बनाये जा रहे 6 लेन ब्रिज के कार्यों की प्रगति समीक्षा की गयी। ब्रिज से संबंधित सड़क निर्माण में पान्ड ऐश की आपूर्ति बाधित होने से आ रही समस्याओं पर अधिकारियों से एनटीपीसी मेजा, एनटीपीसी विद्यानगर तथा एनटीपीसी ऊंचाहार के संबंधित अधिकारियों से अतिशीघ्र समन्वय स्थापित करते हुए समस्या का समाधान करने एवं पॉन्ड एस उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही फाफामऊ यार्ड पर एक एडिशनल आर0ओ0बी बनाने के कार्यों पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा हुई तथा उसे बनाने में आ रही तकनीकी समस्याओं पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।इसी क्रम में मेला क्षेत्र में स्थापित लेटे हनुमान जी मंदिर की भव्यता को बढ़ाने के दृष्टिगत हनुमान मंदिर कॉरिडोर बनाने तथा अरैल घाट में प्रयागराज एवं कुम्भ की महिमा को आधुनिक परिप्रेक्ष्य में परिलक्षित करने हेतु प्रस्तावित डिजिटल म्यूजियम बनाने पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। दोनों ही कार्यों हेतु सेना एवं अन्य संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए तथा आवश्यक पत्राचार कर एनओसी लेने के पश्चात ही कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। डिजिटल म्यूजियम को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के दृष्टिगत पीपीपी मॉडल पर विकसित करने पर भी विचार करने को कहा गया।

# माघ मेला : गंगा पर छह पांटून पुलों में से चार के खुले टेंडर, 10 सड़कों के लिए नहीं मिलीं फर्म

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** माघ मेला-2024 के काम अब तक जमीन पर नहीं उतर पाए हैं। मेला शुरू होने में डेढ़ महीने का ही समय शेष है। अभी तक चकर्ड प्लेट सड़कों और पांटून पुलों के टेंडर तक पूरे नहीं हो सके। मंगलवार को गंगा पर प्रस्तावित छह पांटून पुलों में से चार के टेंडर खोले गए। जबकि, 30 में से 10 सड़कों के लिए अभी तक फर्में नहीं मिल सकी हैं। ऐसे में महाकुंभ के रिहर्सल के रूप में बसाए जाने वाले मेले की तैयारियों का अंदाजा लगाया जा सकता है।माघ मेला इस बार 15 जनवरी से प्रारंभ होकर आठ मार्च तक चलेगा। करीब 54 दिनों तक चलने वाले मेले को 770 हेक्टेयर में बसाया जाना है। पांच सेक्टरों में विभाजित मेला क्षेत्र में संतों-भक्तों के पहुंचने के लिए तीन करोड़ रुपये की लागत से छह पांटून पुल बनाए जाने हैं। इस बार पांटून पुलों का निर्माण अभी शुरू तक नहीं हो सका है। मंगलवार को छह में से चार पांटून पुलों के ही टेंडर खुल सके। इसमें 47.91 लाख रुपये की लागत वाले महावीर पांटून पुल, 52.40 लाख रुपये की लागत के त्रिवेणी, 51.83 लाख रुपये की लागत वाले काली और 48.44 लाख की लागत वाले गंगोली शिवाला पांटून पुल के टेंडर खुल सके।पहली बार स्वीकृत 51.04 लाख की लागत वाले नागवासुकि पांटून पुल पर आपत्ति की वजह से टेंडर नहीं खुला। इसी तरह 52.73 लाख की लागत वाले ओल्ड जीटी पांटून पुल का भी टेंडर नहीं खुल सका। इसी तरह रेती पर 110 किलोमीटर लंबी चकर्ड प्लेट्स के माध्यम से सड़कें बनाई जानी हैं। इसके लिए कुल 30 सड़कों में से 20 के ही टेंडर हो सके हैं। 10 सड़कों के लिए फर्में आगे नहीं आ सकी हैं। ऐसे में काम और पिछड़ने की आशंका है।



## गंगा की कटान बन सकती है बाधा

महाकुंभ के पायलट प्रोजेक्ट के रूप में बसाए जाने वाले माघ मेले में इस बार गंगा की कटान भी बाधा बन सकती है। महावीर, त्रिवेणी और काली पांटून पुलों का निर्माण कराने के लिए या तो ड्रेजिंग का सहारा लेना पड़ेगा या फिर दो हिस्से में इन स्थानों पर पांटून पुल बनाने पड़ेंगे। इसलिए कि कटान की वजह से इस बार यहां बीच के बड़े हिस्से में रेत का टापू उभर आया है। इससे जहां सेक्टर दो और तीन में बसने वाली दर्जनों आध्यात्मिक-सांस्कृतिक संस्थाओं को दूसरे सेक्टरों में शिफ्ट कराना पड़ेगा। माघ मेले की तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी कराई जाएंगी। छह में से जिन चार पांटून पुलों के टेंडर हो गए हैं, उनके निर्माण दो से तीन दिन के भीतर आरंभ करा दिए जाएंगे। शेष दो पुलों और चकर्ड प्लेट मार्गों की भी निविदा कराकर काम जल्द आरंभ करा दिया जाएगा।

**- दिनेश कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता, कुंभ मेला डिवीजन**

# हड़ताल में निलंबित अभियंता होंगे बहाल, जांच रहेगी जारी चेयरमैन ने जारी किया आदेश

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** बिजली कर्मचारियों की मार्च-2023 में हड़ताल के बाद निलंबित अभियंताओं को बहाल करने की तैयारी है। दिसंबर के पहले सप्ताह तक सभी अभियंताओं की बहाली कर दी जाएगी। प्रयागराज जोन से 13 अभियंताओं को निलंबित किया गया था। इनमें चार की बहाली हो चुकी है, जबकि नौ अभी निलंबित चल रहे हैं। निलंबित अभियंताओं की बहाली की मांग को लेकर अभियंता संघ के पदाधिकारी ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, पॉवर कॉरपोरेशन के चेयरमैन आशीष गोयल और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार से वार्ता कर रहे थे। चेयरमैन की ओर से सभी अभियंताओं की बहाली के आदेश जारी कर दिए गए हैं। जल्द ही डिस्कॉम स्तर से सभी अभियंताओं को बहाल कर दिया जाएगा। प्रयागराज जोन में कुल 13 अभियंता हड़ताल के बाद निलंबित किए गए थे। इनमें एक अवर अभियंता, 10 उपखंड अधिकारी और दो अधीक्षण अभियंता शामिल थे। निलंबित अभियंताओं में प्रयागराज जनपद से एक, 12 कौशाम्बी और प्रतापगढ़ जनपद के थे। 18 मार्च 2023 को निलंबित किए गए अभियंताओं की निलंबन बहाली के बाद जांच जारी रहेगी। जांच के दौरान भी इनको आधा वेतन मिलेगा। इन सभी अभियंताओं को जल्द ही पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम की ओर से बहाल कर दी जाएगी। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम ने 22 लोगों को निलंबित किया गया था।

# हनुमान नगर में चौड़ीकरण के विरोध में बंद रहीं दुकानें

## सड़क चौड़ीकरण व्यापारियों के हित में हो पार्षद व अध्यक्ष राकेश जयसवाल






**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी मंगलवार को हनुमान नगर के व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद रखी। व्यापार मंडल के अध्यक्ष राकेश जायसवाल के नेतृत्व में बुधवार सुबह हनुमान नगर के व्यापारियों ने चौड़ीकरण के विरोध में अपनी दुकान बंद रखी। आपको बता दे की पीडीए के अधिकारियों ने मंगलवार देर शाम माप जोक करने आए जहां अधिकारी मनमानी तरीके से चौड़ीकरण कर रहे हैं इसी को लेकर व्यापारियों ने बुधवार को अपनी दुकानें बंद रखी। इसके बाद नैनी जोनल को ज्ञापन सौंप कर व्यापारियों ने पुनः अपनी दुकानें खोली। पार्षद व अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने पीडीए के अधिकारियों से मांग की हनुमान नगर शिव मंदिर से मेवा लाल बगिया चौराहे तक 6 मी दोनों तरफ लिया जाए। मुख्य रूप से व्यापार मंडल अध्यक्ष व पार्षद राकेश जयसवाल, संचालन व्यापारी नेता घनश्याम जायसवाल, धर्मराज पटेल, मोनू जायसवाल, डॉ राकेश विश्वकर्मा, माधव विश्वकर्मा, सीमू जायसवाल, बैजनाथ गुप्ता, विनोद जायसवाल, मनोज मिश्र, राजू केसरवानी व्यापारी गण शामिल थे।

# माफिया मुख्तार अंसारी के सालों को फौरी राहत

## अगली सुनवाई तक किसी भी कार्रवाई पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**प्रयागराज।** माफिया मुख्यार अंसारी के सालों को हाईकोर्ट से फौरी तौर पर राहत मिल गई है। कोर्ट ने माफिया के साले सरजील रजा और अनवर शहजाद के साथ ही करीबी जाकिर हुसैन के खिलाफ अगली सुनवाई होने तक किसी भी तरह की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। पुलिस द्वारा दाखिल चार्जशीट पर भी आगे की कार्यवाही तक रोक लगा दी है। अदालत ने यह आदेश सरजील रजा व अन्य की तरफ से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है।विकास कंस्ट्रक्शन कंपनी पर जबरन काबिज होने और संपत्तियों को हड़पने के आरोप में तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। यह मुकदमा विकास कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक मसूद ने गाजीपुर के थाने में इसी साल दर्ज कराया था।आरोप था कि मुख्तार अंसारी के दोनों सालों सरजील रजा और अनवर शहजाद के साथ ही उनके करीबी जाकिर हुसैन ने उनकी विकास कंस्ट्रक्शन कंपनी पर 12 साल पहले कब्जा कर लिया था और संपत्तियों हड़प ली थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अर्जी पर सुनवाई करते हुए यूपी सरकार और शिकायतकर्ता मसूद से जवाब तलब किया है। 12 साल की देरी से दर्ज कराई गई एफआईआर को आधार बनाया गया है।

# बागवानी फसलों की संरक्षित खेती पर शुआट्स में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन प्रारम्भ

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी, प्रयागराज।** सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (शुआट्स), प्रयागराज में बुधवार को बागवानी फसलों की संरक्षित खेती, कटाई के बाद की हैंडलिंग और डिजिटल कृषि पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन प्रारम्भ हुआ। सम्मेलन का आयोजन हार्टीकल्चर विभाग, नैनी एग्रीकल्चरल इंस्टीट्यूट (एनएआई), शुआट्स द्वारा किया गया। यह जानकारी देते हुए आयोजन सचिव डॉ. देवी सिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के मुख्य अतिथि त्रिभुवन विश्वविद्यालय, काठमांडू के डीन डॉ. किशोर चंद्र दहल थे, जिन्होंने विश्वविद्यालय सभागार में सम्मेलन का उद्घाटन किया, जिसके बाद निदेशक शोध डॉ. आलोक मिल्टन लाल के नेतृत्व में उद्घाटन प्रार्थना हुई। शुआट्स के प्रति कुलपति (पीएमडी) प्रो. (डॉ.) एंटनी जे. राज विशिष्ट अतिथि थे। फेकल्टी डीन प्रो. (डॉ.) गौतम घोष ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। निदेशक प्रसार प्रो. (डॉ.) आरिफ ए. ब्रॉडवे ने विश्वविद्यालय की प्रसार गतिविधियों को साझा किया। डीन एनएआई डॉ. बिस्वरूप मेहरा ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के बारे में एक संक्षिप्त विवरण दिया। संयुक्त कुलसचिव और संयोजक डॉ. सी. जॉन वेस्ली ने बागवानी फसलों की संरक्षित खेती के महत्व के बारे में जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ. किशोर चंद्र दहल ने पानी और पोषक तत्वों के उपयोग की दक्षता में सुधार के लिए ड्रिप सिंचाई, फर्टिगेशन और सुपर अवशोषक के उपयोग सहित संरक्षित खेती के तहत मानकीकृत उत्पादन प्रौद्योगिकियों के बारे में तकनीकी जानकारी साझा की। तकनीकी सत्र के पहले दिन विशेषज्ञों ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जिसमें छोटी भूमि जोत किसानों की आय बढ़ाने के लिए विभिन्न कृषि-जलवायु स्थानों में संरक्षित खेती के लिए ग्रीनहाउस, नेट हाउस, शेडनेट, नर्सरी, ड्रिप-सिंचाई प्रणाली जैसे बुनियादी ढांचे के डिजाइन की समीक्षा, कृषि क्षेत्र में शिक्षित युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर आदि प्रमुख थे। धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष डॉ. विजय बहादुर राजवाड़े ने किया। कार्यशाला मे शुआट्स संकाय सदस्यों, शोध छात्र-छात्राओं सहित देश-विदेश से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# चयन बोर्ड होगा नए आयोग का मुख्यालय

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** नए शिक्षा सेवा चयन आयोग की नियमावली को कैबिनेट से मंजूरी मिलते ही इसके अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति प्रक्रिया पर काम शुरू हो गया है। एक सप्ताह में अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी होने और एक से डेढ़ माह में इनकी नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज का परिसर नए आयोग का मुख्यालय होगा।नए आयोग के अस्तित्व में आते ही सबसे पहले लंबित पड़ी शिक्षक भर्ती शुरू कराई जाएगी। प्रदेश के अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में विज्ञापन संख्या-51 के तहत असिस्टेंट प्रोफेसर के 1017 पदों पर भर्ती प्रस्तावित है और अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक (टीजीटी)/प्रवक्ता (पीजीटी) के 4163 पदों पर भर्ती होनी है। इन दोनों भर्तियों के लिए अगस्त-2022 में आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए जहां 1.14 लाख आवेदन आए हैं, वहीं टीजीटी/पीजीटी भर्ती के लिए 13 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं। नए आयोग के गठन के बाद अधूरी पड़ी भर्ती प्रक्रिया शुरू होने से लाखों अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिलेगी। उच्च शिक्षा निदेशालय के सूत्रों के मुताबिक नए आयोग का मुख्यालय उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड के परिसर में बनाया जाएगा।

**एक सप्ताह में जारी हो सकता है विज्ञापन :** चयन बोर्ड से नए आयोग को भवन हस्तांतरित करने के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। निदेशालय के सूत्रों ने बताया कि नए आयोग में अध्यक्ष के एक पद और सदस्यों के 12 पदों पर नियुक्ति के लिए एक सप्ताह में विज्ञापन जारी करने की तैयारी है। आवेदन के लिए 21 से 25 दिनों का वक्त दिया जाएगा। इसके बाद सर्च कमेटी आवेदनों की छंटनी करेगी।

**कॉलेजों से शिक्षकों के रिक्त पदों की मांगी जाएगी सूचना :** नए आयोग के अस्तित्व में आने से पहले उच्च शिक्षा निदेशालय की ओर से अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के रिक्त पदों की सूचना मांगी जाएगी, ताकि नए आयोग के अस्तित्व में आते ही रिक्त पदों पर भर्ती के लिए नए आयोग को अधियाचन भेजा जाए। इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है और जल्द ही महाविद्यालयों के प्राचार्यों और क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर दिया जाएगा। अशासकीय कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर के सैकड़ों पद खाली पड़े हैं। नए आयोग के गठन का प्रस्ताव आने के बाद इन पदों की गणना नहीं कराई गई, क्योंकि इन पदों पर भर्ती अब नए आयोग को करनी है। अब तक उत्तर प्रदेश उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग के पास इस भर्ती की जिम्मेदारी थी। उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग और माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड को अब नए आयोग में समाहित किया जा रहा है।

# अराजकतत्वों ने तालाब में डाला जहर मर गई मछलियां

## सूचना देने के बावजूद मौके पर नही पहुंचे तहसील के अधिकारी



**प्रयागराज।** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के भगवतपुर गांव में स्थित तालाब में अराजक तत्वों ने चुपके से जहर डाल दिया जिससे तालाब की कई कुंतल मछलियां तड़पकर मर गई। बुधवार की सुबह पट्टाधाराक ने देखा तो तालाब की मछलियां उतराती हुई मिली मरी मछलियों को देखकर पट्टाधारक के होश उड़ गए। मछलियां मर जाने के कारण पट्टाधारक को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। पट्टाधारक धर्मराज पुत्र स्व राम नेवाज ने एयरपोर्ट थाना में शिकायती पत्र देकर बताया कि चार वर्ष पहले भगवतपुर गांव में स्थित तालाब न0 39 मत्स्य पालन के लिए पट्टा कराया है और तालाब में छोटी मछलियों को डालकर बड़ी करता है बड़ी हो जाने के बाद बाजार में बेचकर परिवार का पालन - पोषण करता है। मौके पर एयरपोर्ट थाना पुलिस पहुंचकर मुआयना करते हुए मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही का आश्वासन पट्टाधारक को दिया लेकिन सूचना देने के बावजूद भी तहसील के अधिकारी मौके पर नही पहुंच पाए हैं। पट्टाधारक तहसील अधिकारियों की कार्यशैली से काफी निराश है।

# महिला और उसकी बहू को घर में घुस कर मार पीटा गया तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊऊआइमा।** जमीनी विवाद को लेकर महिला और उसकी बहू को लाठी डंडों से घर में घुस कर मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। महिला के पति ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के घीनपुर हरि का पूरा गांव निवासी रामनरेश पुत्र मोहन का आरोप है कि उसका खेत पडोसी जबरियन जोत रहे थे।मना करने पर उसकी पत्नी शान्ति देवी और बहू मेनका को घर में घुस कर मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी भी दी गई।घायल महिला के पति रामनरेश ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर विमला देवी,आकाश, रोहित कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# मऊआइमा क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन का जे सी बी मशीन से हो रही खुदाई



**मऊआइमा।** तमाम रोक के बावजूद दिनरात मऊआइमा क्षेत्र में अवैध रूप से दर्जनों ट्रेक्टरों से मिटटियों का अवैध खनन जारी है। आरोप है कि पुलिस देख कर आंख बंद कर लेती है। जिससे उक्त कारोबार जमकर फल फूल रहा है। मऊआइमा थाना क्षेत्र में जेसीबी से अवैध रूप से खनन कर दर्जनों ट्रेक्टरों से दिन रात मिटटियों की अवैध कारोबार जम कर फल फूल रहा है। बताते हैं कि उक्त कारोबार दिन रात चलता है तथा हर ट्रैक्टर पीछे पांच सौ रुपये की मिटटियां बेची जा रही है। जबकि शासन ने सख्ती से मना करने का फरमान जारी किए हुए है। परन्तु शासन को ठेंगा देखाते हुए अवैध धंधा क्षेत्र में जमकर फल फूल रहा है। आरोप है कि दिन में जब ट्रैक्टरों पर लदे मिटटियां जाती है तो पुलिस आंख मूंद लेती है।

# शीतला धाम पर मजदूर अपना अधिकार जानें विषय पर गोष्ठी पर शामिल हुए मंत्री

## 75 श्रमिक बालिकाओं को राज्य मंत्री ने दिया फिक्स डिपाजिट ड्राफ्ट

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** श्रम एवं सेवायोजन राज्य मंत्री डॉ रघुराज सिंह ने माँ प्रताप वासनी शीतला धाम कटरा मेदनीगंज में मजदूर अपना अधिकार जाने विषयक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की सोच अंतिम पायदान पर खड़े ब्यक्ति का उत्थान करने के सपने को आज मोदी और योगी सरकार कर रही है।

उन्होंने कहा कि एक लंबे अरसे तक देश में जातिवादी संकीर्ण मानसिकता को फैलाकर परिवारवादी राजनीति करने वालों ने देश को खोखला करने का काम किया था, लेकिन अब निरंतर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों के हित के लिए शासन की योजनाओं को मूर्त रूप देकर सीधे लाभार्थियों के खातों में शासन की धनराशि उपलब्ध कराए जाने का अनूठा प्रयोग भारतीय जनता पार्टी की सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोरोना जैसी वैश्विक बीमारी के संकट काल से लेकर निरंतर जन्म से मृत्यु तक के प्रत्येक अवसरों पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार मजदूर हितों को लेकर सजगता के साथ खड़ी है। कर्मकार साथियों को प्रत्येक दशा में उनके हित में चलाई जा रही योजनाओं को उन तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि आज मजदूर के हितार्थ धन की कोई कमी नहीं है केवल कर्मकार साथियों को अपना पंजीकरण कराये जाने की आवश्यकता है। आज श्रमिक परिवार को बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य से ही अभी तक मंडल स्तरों पर ही शैक्षणिक व्यवस्था की गई थी किंतु अब सरकार प्रत्येक जिले में अटल आवासीय विद्यालय स्थापित कर सुयोग्य शिक्षकों और एक बेहतर शैक्षणिक वातावरण में मजदूर साथियों के बच्चों को पठन-पाठन की का उपलब्ध कराए जाने का कार्य सरकार करने जा रही है। इस अवसर पर बोलते हुये सांसद प्रतापगढ़ एवं राष्ट्रीय महामंत्री ओबीसी मोर्चा भाजपा संगम लाल गुप्ता ने कहा कि हमें आपसी लड़ाई छोड़कर अपने व अपने परिवार की प्रगति की ओर सोंच को विकसित करना होगा क्योंकि आपसी लड़ाई और झगड़ो में उलझकर हम अपने नौनिहालों का भविष्य बर्बाद कर देते हैं। उन्होंने कहा कि आपके जीवन मे परिवर्तन कैसे हो यह हमारी सरकार की प्राथमिकता में शामिल है पर इस परिवर्तन का लाभ उठाने के लिये हमें भी अपनी सोंच में परिवर्तन लाकर आपस के ईर्ष्या द्वेष से उबरकर अपने नौनिहालों की बेहतर शिक्षा और संस्कार की ओर ध्यान देना होगा क्योंकि वही आने वाली पीढ़ी की दिशा दशा बदल सकती है। सांसद ने कहा कि आज सरकार बिचैलियों को समाप्त कर सरकार की योजनाओं को सीधे लाभार्थियों के खातों में भेजने का काम कर रही है बस आवश्यकता सजग रहकर योजनाओं का लाभ उठाने की जरूरत है। इस अवसर पर आशीष श्रीवास्तव जिलाध्यक्ष भाजपा, एएलसी पाठक, अजय कुमार गुप्ता ननके, विष्णु उमरवैश्य, सुनील मोदनवाल, सचिन दुबे, रमेश सिंह, देवी प्रसाद तिवारी, चन्द्रशेखर पटेल, प्रदीप साहू, केके गुप्ता, अभिषेक पाण्डेय, रजत सक्सेना आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विवेक उपाध्याय द्वारा किया गया। समारोह के उपरांत 75 श्रमिक बालिकाओं को 25 हजार रुपयों का फिक्स डिपाजिट ड्राफ्ट भी अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया।




शीतला धाम पर आयोजित गोष्ठी में मौजूद राज्य मंत्री डा0 रघुराज सिंह।

# पुरानी पेंशन बहाली के पक्ष में पहले दिन 422 वोट पड़े

### चिलबिला, मां बेल्हा देवी धाम और बादशाहपुर में बना मतदान केंद्र

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुरानी पेंशन योजना बहाली की मांग को लेकर हड़ताल की नोटिस देने के क्रम में उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन शाखा मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ की अगुवाई में पहले दिन बुधवार को हुए मतदान में 422 वोट पड़े। जिसमें मां बेल्हा में धाम प्रतापगढ़ बूथ पर 221, चिलबिला में 112 और पृथीगंज में 89 रेल कर्मियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए पुरानी पेंशन योजना बहाली की जोरदार मांग की।

इस बारे में मेंस यूनियन के शाखा अध्यक्ष मो अफजल खां ने बताया कि सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों को लेकर यूनियन काफी समय से सरकार के विरोध में आवाज उठा रही है। परंतु सरकार द्वारा किसी भी प्रकार से कर्मचारियों की मांगो को नही सुना जा रहा है।

ऐसे में केंद्रीय महामंत्री कॉम बी सी शर्मा के आवाहन पर पूरे उत्तर रेलवे में 29 एवं 30 नवम्बर को सीक्रेट बैलट पेपर के माध्यम से कर्मचारियों से चुनाव कराया जाना है। जिसमे कर्मचारियों से हड़ताल को लेकर उनका पक्ष जाना जा सकें। बुधवार को 422 वोट पड़े। कुल वोटर 800 हैं। गुरूवार को भी वोट डाले जाएंगे। इस मौके पर प्रदीप शर्मा, रहमत, यासिर, राजेश सिन्हा, अजीत पाल और संरक्षक की भूमिका में रवि भूषण सिन्हा का सहयोग रहा।



पुरानी पेंशन बहाली के लिये वोट देने की लगी भीड़।

## भ्रष्टाचार के विरोध में एनएसयूआई ने राज्यपाल को भेजा मांग पत्र

**प्रतापगढ़।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने आज जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में व्यापक भ्रष्टाचार के खिलाफ राज्यपाल को संबोधित चार सूत्री मांग पत्र भेजा। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष एडवोकेट उत्सव भूषण पाल ने कहा कि प्रतापगढ़ में बोर्ड परीक्षा में बनाए गए परीक्षा केंद्र में प्रभारी ने मनमानी करते हुए गलत रिपोर्ट लगाकर सेंटर बनवा दिया। उन्होंने प्रतापगढ़ में बनाए गए परीक्षा केंद्र की दोबारा जांच कराए जाने की मांग की है। एनएसयूआई के पूर्व अध्यक्ष वेदांत तिवारी ने कहा जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में पूरी तरह भ्रष्टाचार पसरा है लेखा विभाग से लेकर महत्वपूर्ण विभागों में बाहरी व्यक्ति काम कर रहे हैं। महत्वपूर्ण फाइलों को देखना रिटायर्ड बाबू को दे दिया गया। उन्होंने कहा जल्द ही कार्रवाई न होने पर एनएसयूआई कार्यालय में तालाबंदी करेगी। कार्यक्रम में जिला महासचिव आशुतोष तिवारी, हनुमान प्रसाद, संगम लाल, दीनानाथ विकास, विक्रम, मोनू मिश्रा अश्वनी दिलशाद, विकास तिवारी, उत्कर्ष मिश्रा, देवमणि पांडे, अंशु राकेश कुमार एवं धीरज मोर्य आदि लोंग उपस्थित रहे।

## दो दिसम्बर को आएंगे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य 02 दिसम्बर 2023 को लखनऊ से राजकीय हेलीकाप्टर द्वारा प्रस्थान कर पूर्वान्ह 11.30 बजे हेलीपैड वीरसिंहपुर मानधाता जेठवारा आएंगे। पूर्वान्ह 11.40 बजे उप मुख्यमंत्री ग्राम पूरेनन्दा (वीरसिंहपुर) मानधाता जेठवारा जाएंगे, जहां पर वह श्रद्धेय अशोक सिंघल की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम में सम्मिलित होगे। तदोपरान्त विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे एवं उसके उपरान्त स्थानीय योजनानुसार अन्य कार्यक्रम/स्थलीय निरीक्षण करेंगे। अपरान्ह 1.05 बजे उप मुख्यमंत्री हेलीपैड वीरसिंहपुर मानधाता जेठवारा आएंगे एवं राजकीय हेलीकाप्टर द्वारा लखनऊ के लिये प्रस्थान करेंगे।

## भण्डारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर क्षेत्र के दूल्हेपुर ग्रामसभा के कटरा क्षत्रधारी गांव में गया जगन्नाथ दर्शन को लेकर आयोजित भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजक रमाशंकर तिवारी के संयोजन में श्रद्धालुओं ने संगीतमयी श्रीराम कथा के भी श्रवण का आनन्द उठाया। कार्यक्रम में कुलगुरु गिरीशचन्द्र मिश्र ने वैदिक मन्त्रोच्चार के बीच विधि-विधान से पूजन में भी श्रद्धालुओं का जयघोष गूंजा। उन्होने श्रद्धालुओं को चार धाम यात्रा के महात्म्य का सारांश बताते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति चार धाम की यात्रा करता है, उसे समस्त पापों से मुक्ति मिल जाती है। इस मौके पर हरिशंकर तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी, अमित, विनय तिवारी, बृजभूषण तिवारी, हिमांशू व सुरेशचन्द्र तिवारी आदि रहे।

# बरातियों के बवाल में कुएं में गिरा शिक्षक, मौत

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** घरातियों और बरातियों के बीच में मारपीट के बीच बीच बचाव करने आए एक शिक्षक की कुएं में गिरने से मौत हो गई। मौत के बाद घरातियों तथा बरतियो में भगदड़ मच गई।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर गांव के रहने वाले भागीरथी उर्फ मुकुंद यादव की बेटी की शादी लीलापुर थाना क्षेत्र के गढ़ई गांव के ओम प्रकाश यादव के बेटे शुभांग से तय हुई थी। मंगलवार की रात बारात आई तो डीजे की धुन पर डांस कर रहे घराती और बारातियों के बीच में कुछ कहा सुनी हो गई। उसके बाद दोनों पक्ष में मारपीट चालू हो गई। बारात की तरफ से आए उदयपुर थाना क्षेत्र के राहत टीकर गांव के शिव प्रताप ने बीच बचाव करना शुरू किया तभी किसी ने उसे धक्का दे दिया जिससे वह एक कुएं में जा गिरा।

कुएं में गिरने से बारातियों तथा घरातियों में भगदड़ मच गई कुछ देर बाद पुलिस को सूचना दी गई पुलिस मौके पर पहुंचे और काफी देर बाद शिव प्रताप के शव को बाहर निकाला। उसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं सूचना पर मृतक के पिता हरिश्चंद्र मौके पर पहुंचे। उन्होंने इस मामले में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है।

### भाजपा नेता व पूर्व राष्ट्रीय सलाहकार ने जताया शोक

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पत्रकार अवधेश सिंह के पिता के निधन के उपरांत भारतीय जनता पार्टी के नेता तथा नेहरू युवा केंद्र के पूर्व राष्ट्रीय सलाहकार दिनेश सिंह बुधवार को सराय महेश गांव पहुंचे। उन्होंने पत्रकार अवधेश सिंह के पिता शमशेर बहादुर सिंह के निधन पर शोक जताते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दिया। बीते रविवार को पट्टी क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार अवधेश सिंह के पिता 90 वर्षीय शमशेर बहादुर की मौत हो गई थी, जिससे कई लोगों ने अपनी गहरी संवेदना प्रकट किया था। इसी क्रम में भाजपा नेता उनके आवास उनके पैतृक गांव सराय महेश पहुंचकर परिवारीजनों को सांत्वना देते हुए ढांढस बंधाया। इस दौरान उनके साथ संतोष सिंह सहित एक दर्जन लोग मौजूद रहे।

# सिपाही ने फांसी लगाकर दी जान, हड़कंप

## पृथ्वीगंज पुलिस चौकी पर तैनात था सिपाही, हाथ की नस काटने की भी किया था कोशिश

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के पृथ्वीगंज पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही मनीष गौतम ने मंगलवार की रात कमरे के भीतर पंखे में लटककर अपनी जान दे दी। इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल घटना स्थल पर जांच करने के लिये फील्ड यूनिट की टीम लेकर पहुंच गये। खबर मिलने पर आजमगढ़ निवासी मृतक सिपाही के परिजन भी आ गये थे। बता दें कि आजमगढ़ जनपद के मेहनगर देवकली गांव का मनीष गौतम (28) वर्ष सिपाही था। इसकी नियुक्ति 10 मई 2016 को पुलिस विभाग में हुई थी। टेर्जनिंग के बाद पहली पोस्टिंग जिले के संग्रामगढ़ थाने में हुई। दो अक्टूबर 2020 को इसकी तैनाती नगर कोतवाली के पुलिस चैकी में हुई। सह कर्मियों की मानें तो मनीष मृदुभाषी था और बाजार में लोगों से उसका बेहतर तालमेल था। वह पुलिस चैकी से कुछ दूरी पर एक मकान में किराये पर रहता था। वह मंगलवार को अपरान्ह में चैकी से कमरे पर गया था। शाम पांच बजे तक जब नहीं आया तो सिपाही उसकी तलाश करने लगे। उसके कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो देर शाम उसका दरवाजा तोड़ा गया तो पंखे के सहारे मनीष का शव फांसी पर लटकता पाया गया। सिपाहियों ने मामले की जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। सूचना पर शहर कोतवाल सत्येन्द्र सिंह, सीओ सिटी करिश्मा गुप्ता सिपाही मनीष को लेकर मेडिकल कालेज पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चर्चा यह भी है कि मनीष ने हाथ को नस से काटने का भी प्रयास किया था। इस सम्बन्ध में चैकी प्रभारी ने बताया कि अभी आत्महत्या के कारणों की जानकारी की जा रही है।



मनीष गौतम (फाइल फोटो)।

# खेल महोत्सव में कबड्डी तथा दौड़ समेत स्पर्धा में मेधावियों का दिखा जलवा

## चार दिवसीय खेल महोत्सव का हुआ रंगारंग शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सगरा सुंदरपुर में चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल सोसायटी द्वारा संचालित रामकृपाल मिश्र इन्टर मीडिएट कालेज एवं चिल्डेज्न पैराडाइज स्कूल का चार दिवसीय संयुक्त खेल महोत्सव का बुधवार को शुभारम्भ हुआ।

उद्घाटन बेला में छात्राओं ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गान समेत रंगारंग आकर्षक प्रस्तुतिया भी दी। लालगंज उप जिलाधिकारी लाल धर यादव ने फीता काटकर महोत्सव का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने किया। बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम लालधर यादव ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ ही खेल के क्षेत्र में भी सफलता हासिल करने के लिए प्रयासरत होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के आत्मनिर्भर भारत में बेटियों और महिलाओं की भूमिका अहम हो चली है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुकाबला कबड्डी का 12जी और 11जी के मध्य हुआ जिसमें कक्षा 12 के छात्रों ने 13 अंकों से जीत अर्जित की। दूसरा मुकाबला कक्षा नौ और दस के मध्य हुआ जिसम 4अंको से कक्षा दस के छात्र विजेता बने।खो-खो सीनियर वर्ग मे कक्षा दस की टीम ने कक्षा ग्यारह की छात्राओं सोलह अंकों से हराया । वहीं जूनियर वर्ग मे कक्षा आठ की छात्राओं ने कडे मुकाबले मे एक अकं सेजीत हासिल की। वहीं जूनियर ग्रुप में म्यूजिकल चेयर के मुकाबले में एलकेजी मे शिल्पा गौतम यूकेजी मे मसरीन बानो,कोमल गौतम,तथा आकांक्षा वर्मा, अभय तिवारी, सूर्याशं मोदनवाल, यशु मिश्रा ने अपने-अपने समूह में जीत का खिताब हासिल किया।

100 मीटरजूनियर वर्ग छात्र वर्ग की रेस में आदिल खान प्रथम, मोहम्मद अयान द्वितीय, ऋषभ जोशी तीसरे स्थान पर विजेता बने । बालिका वर्ग में इसी सिंह प्रथम, जैस्मिन बानो द्वितीय, नाजमीन बानो ने तीसरा स्थान हासिल किया। जूनियर छात्र वर्ग में मोहम्मद सादीक प्रथम, प्रीतम सरोज द्वितीय, मोहम्मद आदिल तृतीय, तथा बालिका वर्ग में सानिया बानो प्रथम, पिंकी तिवारी द्वितीय सृष्टि पांडे तीसरे स्थान पर रही।पहले दिन के विजेताओं को प्रधानाचार्य विकास मिश्र ने मेडल व विजेता ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया।

समारोह का संयोजन ध्रुव नारायण मिश्र ने किया।खेल महोत्सव मे चतुभुर्ज मिश्र, पुष्कर शुक्ल ने मैच रेफरी तथा शुशील मिश्र व शमशाद अहमद ने उद्घोषक की सरहनीय भूमिका निभाई। समारोह मे वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश शुक्ल, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश,संजू तिवारी, सुचीता तिवारी, सरोज सिंह, पारुल शुक्ला, ज्योति सिंह, काव्या सिंह, शिवानी शुक्ला, किरण ओझा, दीपक पाण्डेय, गुड्डू तिवारी, मोनू पाण्डेय आदि रहे।




सफल मेधावियों का माल्यर्पण कर सम्मान करते प्रधानाचार्य विकास।

# आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र की एक पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि आठ नवंबर की देर शाम लगभग सात बजे वह शौच करने गांव के किनारे एक बाग में गई थी ।आरोप है कि पहले से घात लगाए बैठे थाना क्षेत्र के सराय मकई गांव निवासी अयाज अहमद पुत्र मोहम्मद वहीद ने बदनियति से उसे दबोच लिया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता के विरोध करने पर उसे मारा पीटा व कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। एसपी संतपाल अंतिल की फटकार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्मव धमकी का केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार यादवा का कहना है कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है, जांच कर दोषी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# बारात से लौट रहे युवक पर जांनलेवा हमला

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार आमीशंकरपुर गांव निवासी शैलेंद्र सिंह पुत्र कुंवरपाल सिंह ने बुधवार को थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि मगंलवार को परिवार की बारात पूरे पुरिनडर रेहुवालालगंज गई थी। बारात से वह रात लगभग ग्यारह बजे बाइक से घर लौट रहा था ।जैसे ही गांव के बाहर निकला कि सामने से विवेक सिंह पुत्र मुन्ना सिंह आधा दर्जन से अधिक साथी को लेकर आए और मेरी बाइक में धक्का मारने लगे । मना किया तो उनके साथी महेश कोरी पुत्र राम मिलन कोरी, संतोष सिंह उर्फ मेटी पुत्र कमलेश सिंह, मो, अकरम पुत्र जुम्मन, चंदन सिंह पुत्र राजेश सिंह, दान बहादुर कोरी पुत्र बृजलाल कोरी, नीरज पुत्र राम मिलन साथ में तीन अज्ञात एक राय होकर लाठी लोहे की राड से उसे मारने पीटने लगे । इससे पीड़ित चोट के कारण अचेत हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा धमकी समेत गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

# कस्तूरबा विद्यालयों में भर्ती के लिए 226 ने कराई काउंसलिंग

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शिक्षिकाओं की भर्ती के लिए बुधवार को 70 अभ्यर्थियों ने बीएसए कार्यालय में काउंसलिंग कराई। दो दिनों में कुल 226 अभ्यर्थियों ने इस दौरान अपने अभिलेख दिखाए। इस बार साक्षात्कार नहीं हुआ। शिक्षिकाओं का चयन मेरिट के आधार पर होगा। जिले के 15 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में शिक्षिकाओं के कुल 57 पद रिक्त हैं। इसके लिए 1613 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इसमें से 587 पुरुष तथा 226 महिलाएं रहीं। पुरुषों के आवेदन निरस्त करने के साथ ही आवेदन करने वाले उन लोगों के भी फार्म निरस्त कर दिए गए, जिन्होंने बीटीसी किया था। इन विद्यालयों में गणित और अंग्रेजी विषय की शिक्षिकाओं के पद रिक्त हैं। बुधवार को 70 महिला अभ्यर्थियों ने काउंसलिंग कराई। जिला समन्वयक बालिका शिक्षा पिंटू कुमार ने बताया कि अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग पूरी हो गई है। बीएसए भूपेंद्र सिंह ने बताया कि काउंसिलिंग के बाद मेरिट सूची के आधार पर कस्तूरबा विद्यालयों में शिक्षिकाओं को तैनाती की जाएगी।


# एमडीपीजी कालेज की विषम सेमेस्टर परीक्षा में 47 रहे अनुपस्थित

## दोनों पालियों में 1467 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** प्रोफेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं में एमडीपीजी कॉलेज में आज दोनों पाली की परीक्षा में कुल 1467 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 47 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र के निर्देशन में महाविद्यालय में परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हुई। कक्ष निरीक्षकों को प्रेरित करने के लिए प्राचार्य ने आज स्वयं कक्ष निरीक्षक का भी दायित्व निभाया और कक्ष संख्या एक में अपनी ड्यूटी भी लगवाई। महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि आज प्रथम पाली में 925 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 883 ने परीक्षा दी और 42 अनुपस्थित रहे जबकि द्वितीय पाली की परीक्षा में 589 परीक्षार्थी पंजीकृत जिम 584 ने परीक्षा दी और पांच परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में बी ए फर्स्ट सेमेस्टर हिंदी, एम ए फर्स्ट सेमेस्टर ज्योग्राफी तथा एम काम फर्स्ट सेमेस्टर की परीक्षाएं संपन्न हुईं। द्वितीय पाली में बीए थर्ड सेमेस्टर हिंदी एम ए थर्ड सेमेस्टर ज्योग्राफी तथा एम काम थर्ड सेमेस्टर कॉरपोरेट मैनेजमेंट की परीक्षा हुई। प्रो अरुण कुमार श्रीवास्तव, प्रो प्रदीप कुमार सिंह, प्रो अरविंद मिश्र आदि शुचिता पूर्ण परीक्षा के लिए लगातार निगरानी करते रहे।



परीक्षा कक्ष का निरीक्षण करते प्राचार्य प्रो0 मनोज मिश्र।

# शिक्षा के मूल्यों की मजबूती के लिए पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन सराहनीय

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के शैलजा मण्डप के समीप पूरे शिवदीन गांव में बुधवार को पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजन में संस्कृत विद्वान आचार्य शिवानन्द मिश्र ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए आचार्य शिवानन्द मिश्र ने कहा कि पुरातन छात्र सम्मेलन के जरिये वर्तमान परिवेश में शिक्षा के मूल्यों के आदर्श को मजबूत बनाये रखना है। उन्होने कहा कि आज सनातन संस्कृति की विचार धारा के बलबूतें ही भारत देश का डका सफलताओं को लेकर पूरे विश्व में बज रहा है। कार्यक्रम का संचालन जमुना प्रसाद मिश्र ने किया। संहयोजक रमेश मिश्र व उमेश तिवारी ने कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों को आयोजन समिति की ओर से सम्मानित किया। इस मौके पर संतोष सिंह, विजय शुक्ल, जनार्दन तिवारी, अटल बिहारी मिश्र, इं0 रमेश शुक्ल, मो0 फारूक , दिनेश सिंह, बृजेश सिंह, रामेश्वर प्रसाद यादव, रामदीन यादव, डॉ0 वीरेन्द्र सोनी,श्यामलाल मौर्य आदि रहे। सहसयोजक विजय तिवारी ने आभार प्रदर्शन किया।

## नहर की सफाई न होने से ग्रामीणों में आक्रोश, डीएम व सीएम से हुई फरियाद

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नहर की सिल्ट सफाई न होने से ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। रंगौली निवासी अशोक वर्मा तथा गांव के ब्रम्हदेव कोरी, पंचम कोरी, लखन कोरी आदि ने डीएम को सम्बोधित शिकायती पत्र में कहा है कि पहाड़पुर रंगौली नहर में गंदगी व घास के कारण पानी नही आ रहा हैं ।इसके चलते किसानो को फसल की सिंचाई के लिए कठिनाई का सामना करना पड़ा रहा है। कई वर्षो से नहर में सिल्ट सफाई नही हो रही है। किसानों ने अफसरों से कई बार शिकायत की पर शिकायत होने की स्थिति में नहर की सफाई को लेकर औपचारिकता निभाई जाती है। नहर में पानी न होने के कारण रंगौली, पहाड़पुर, बासूपुर, इटौरी, मकनपुर, हर्षपुर, कोटवाशुक्लपुर, तारापुर, गारापुर आदि गांव के किसानों की खेती भी परती पड़ी हुई हैं। किसानों ने डीएम के साथ मुख्यमंत्री को भी समस्या के समाधान कराये जाने के बावत शिकायती पत्र भेजा है।

# पारिवारिक जनों की प्रताड़ना से त्रस्त युवक ने किया आत्महत्या

**अखंड भारत संदेश**

## मृतक के पास से मिला सुसाइड नोट में माता पिता भाई और चौकी पुलिस को ठहराया जिम्मेदार



**चायल कौशांबी।** पिपरी थाना क्षेत्र के निजाम पुर पुरैनी गांव निवासी राजकुमार हेला ने पारिवारिक प्रताड़ना से त्रस्त होकर आत्महत्या कर लिया है मृतक की मौत के बाद परिवार में पत्नी और दो छोटे-छोटे मासूम बच्चे रह गए हैं जिनका रो-रो कर हाल बुरा है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक ने सुसाइड नोट लिखकर अपने माता-पिता भाई और पुलिस चौकी के सिपाहियों को मौत का जिम्मेदार ठहराया है पत्र के मुताबिक उसका पिता संतोष कुमार उसे अपना पुत्र नहीं मानता है और संतोष कुमार उसे अपनी संपत्ति से बेदखल कर रहा है सुसाइड नोट में मृतक ने लिखा है कि चायल चौकी पुलिस के सिपाही भी उसे धमकाते हैं प्रताड़ित करते हैं उसकी सुनवाई नहीं हो रही है जिससे वह दुनिया छोड़कर जा रहा है जानकारी के मुताबिक राजकुमार हेला का उसके पिता संतोष से विवाद हुआ है पिता से विवाद के बाद युवक फंदे पर झूल गया जिससे युवक की मौत हो गयी मौके पर सुसाइट नोट मिला है छत से लटकते युवक के शव को पत्नी ने जब देखा तो कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतार कर कानूनी औपचारिकताएं पूरी की पत्नी से तहरीर लेकर पुलिस ने जांच शुरू किया है। मौत के पहले युवक ने अपने परिवार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि जो मकान उसे बंटवारा में मिला है वह मकान उससे छीना जा रहा है जबकि मकान के संपूर्ण कागजात उसके पास हैं मौत के पहले युवक का कहना है कि उस पर फर्जी मुकदमा भी दर्ज कर दिया गया है उसे कानून से न्याय नहीं मिल रहा है वह परेशान पीड़ित है पत्नी और दो छोटे-छोटे बच्चों को लेकर वह कहां जाए मृतक युवक का मौत के पहले कहना था कि चायल चौकी पुलिस उसे धमका रही है मृतक युवक का बचपन में लालन-पालन उसके ननिहाल में हुआ था बाद में उसे हिस्सा बंटवारा कर अलग कर दिया गया है लेकिन अब सवाल उठता है कि पारिवारिक विवाद की सूचना के बाद भी चौकी पुलिस ने युवक की प्रताड़ना को नजर अंदाज कर दिया अंततः न्यान मिलने पर युवक को मौत को गले लगाना पड़ा जिससे एक बार फिर कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

## यमुना नदी से अवैध बालू खनन मामले में सीबीआई ने कई लोगो को कौशाम्बी से दिल्ली बुलाकर की पूछताछ

**कौशाम्बी।** जिले में कई साल पहले हुए बालू के अवैध खनन को लेकर प्रदेश में कौशाम्बी जिला बहुत अधिक चर्चित हो गया था,इसकी जांच सीबीआई की टीम ने कौशाम्बी में कई बार आकर की है।जिले के यमुना नदी के घाटों से बालू का बेतहासा अवैध खनन किया गया था। इस मामले को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की गई थी। सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी। अवैध खनन के मामले को लेकर सीबीआई ने कौशाम्बी में आकर कई बार खनन करने वाले बालू के ठेकेदारों, अधिकारियों और पत्रकारों से भी पूछताछ की थी। वही जानकारी मिल रही है कि पिछले हफ्ते भी कौशाम्बी से पूछताछ के लिए कई लोगो को दिल्ली बुलाया था और उनसे पूछताछ की गई है। कौशाम्बी में यमुना नदी से बालू के अवैध खनन का यह मामला अभी भी शांत होता नही दिख रहा है। इसके लिए सीबीआई लगातार जांच कर रही है।

# कासिया पश्चिम गांव में मनरेगा मजदूरी में बड़ी धांधली


## पूरे जिले के कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तो मनरेगा डीसी के फर्जी नाम दर्ज करने में संलिप्त उजागर होगी



**कोखराज कौशाम्बी।** बिकास खण्ड सिराथू के ग्राम पंचायत कशिया पश्चिम में मनरेगा योजना में खुलेआम लाखों का घोटाला हो रहा है मनरेगा योजना के मजदूरी में फर्जी लोगों के नाम डाल कर सरकार का रुपया लूटा जा रहा है जबकि मनरेगा मजदूरों का अमृत सरोवर तालाब में काम लगाया है लेकिन मौके पर केवल 15 मनरेगा मजदूरों की उपस्थिति रही वही सरकारी अभिलेखों में 29 लोगों के नाम भर कर लगातार रुपया निकाल कर बन्दर बाँट करने में ग्रामविकास अधिकारी लगे है ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा मनरेगा मजदूरों के फर्जी नाम भरे गए हैं वही लगातार कई दिनों से फर्जी नाम भर कर कार्य कराए जा रहे हैं मौके पर मौजूद मजदूरों ने अपना अपना नाम भी क्रमशः बजरंगी, सुरेश, विनोद, रामकली, राजकली, राजकुमारी, लालती देवी, शांति देवी, कल्पना देवी, गोगा देवी, बुधनी, सीमा देवी, रेखा, देवी, सन्नो देवी मनरेगा में काम कर रही है महिलाओं ने बताया कि दो लोगों को स्कूल में लगाया गया हैं जो प्राथमिक विद्यालय कशिया पश्चिम में उर्मिला देवी,कौशल्या देवी भी स्कूल में काम करती हुई पायी गयी आखिर जिन मजदूरों के नाम मनरेगा मजदूरी में काम करते हुए दिखाया जा रहा है वह मजदूर कहां गायब हो गए हैं इस बात का जवाब देने को कोई तैयार नहीं है। ग्रामीणों की बातों को सत्य माने तो ग्राम पंचायत के मनरेगा योजना में बड़ी धांधली करके फर्जी नाम भरकर सरकार के बजट को खाली करने में ग्राम पंचायत के जिम्मेदार लगे हैं। मनरेगा योजना में खुलेआम हेरा फेरी के इस मामले में अधिकारी गंभीर नहीं है जिससे ग्राम पंचायत के जिम्मेदार सरकारी खजाने को लूटते दिख रहे हैं जिससे मजदूरों को रोजगार भी नहीं मिल रहा है यदि प्रकरण की अधिकारियों ने उच्च स्तरीय जांच कराई तो मनरेगा मजदूरी में हेरा फेरी करने वाले लोगों की मुसीबत बढ़ना तय हैं लेकिन ऐसा होता नहीं दिख रहा है मनरेगा स्तर पर पूरे जिले में ब्लॉक और जिले के जिम्मेदारों की देखरेख में बड़े घोटाले हो रहे हैं पूरे जिले के कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तो मनरेगा डीसी के फर्जी नाम दर्ज करने में संलिप्त उजागर होगी।

# पूरा मोबाइल टावर ही चोरी कर ले गए चोर!

## पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी



**कौशाम्बी।** जिले में एक गजब मामला सामने आया है जहा चोर मोबाइल नही मोबाइल का पूरा टावर ही चोरी कर ले गए,कंपनी के इंजीनियर ने टावर का जाकर निरीक्षण किया तो उसके होश उड़ गए,कंपनी के इंजीनियर ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर मामला दर्ज करने की गुहार लगाई है,पुलिस मामला दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

मामला सन्दीपन घाट थाना क्षेत्र के उजीहिनी गाव का है जहा अज्ञात चोरो ने मोबाइल टावर का पूरा स्ट्रक्चर और पूरा का पूरा सेटअप ही गायब कर दिया है। कंपनी के इंजीनियर के निरीक्षण में जिस व्यक्ति की जमीन में टावर लगाया था उस जमीन में टावर मिला ही नहीं जिसके बाद कंपनी के इंजीनियर ने चोरी की घटना सामने आने के 9 महीने बाद थाना पुलिस को तहरीर देकर दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि कंपनी के कौशाम्बी जिले के अलग अलग क्षेत्र मे दर्जन भर से अधिक टावर मोबाइल नेटवर्क की फ्रीक्वेंसी देने के लिए लगाए थे,जिसमें से एक टावर को ही पूरा चोरों ने गायब कर दिया, पुलिस ने कंपनी के टेक्निसियन की तहरीर पर मुकद्दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रतापगढ़ जनपद के रानीगंज थाना के रस्तीपुर के रहने वाले राजेश यादव पुत्र स्व भगवती दीन यादव GT छ इंफ्रास्टेक्चर लिमिटेड कंपनी मे बतौर टेक्निसियन तैनात है। राजेश यादव ने बताया, उनकी कंपनी ने जनपद मे अलग अलग स्थानो पर 16 मोबाइल टावर निजी कंपनियो के मोबाइल सिग्नल फ्रिक्वेंसी के लिए इंस्टाल किए थे। एक टावर व पूरे सेटअप की कीमत करीब 8,52,025 रुपये एवं WDV की कीमत 4,26,818 रुपये बताई जा रही है। कंपनी का एक टावर सन्दीपन घाट के उजिहानी खालसा गाव मे उबैद उल्ला पुत्र मजीद उल्ला के जमीन पर लगाया गया था। मोबाइल टावर की राजेश यादव ने 31 मार्च 2023 को विजिट किया। जिसमे उनको जमीन पर लगा टावर का पूरा स्टैक्चर व सेटअप गायब मिला। जमीन के मालिक से पूंछ-तंछ करने पर उन्होने मामले मे जानकारी होने से साफ इंकार कर दिया। राजेश यादव के मुताबिक उन्होने टावर के लापता होने की सूचना कंपनी को प्रेषित की। कार्यवाही होने मे 9 माह का समय लग गया। कंपनी के निर्देश पर उन्होने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

इस मामले में थाना प्रभारी भुवनेश चौबे ने बताया कि जीटीएल कंपनी के कर्मी का एक प्रार्थना पत्र थाना पुलिस को मिला है। मौके पर जांच के दौरान मोबाइल टावर पूरा सेटअप सहित गायब मिला है। तहरीर के आधार पर चोरी की रिपोर्ट अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज किया गया है। प्रकरण मे विस्तृत जांच की जा रही है।

# आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोगों से सावधान करना भी गुनाह

**अपराधियों की पहचान सार्वजनिक करना गुनाह घोषित कर अपराधियों की पहचान उजागर करने वालो को ही गुनाहगार बनाने की कोशिश शुरू कर अपराधियों का मनोबल बढ़ाने का यह कुत्सित प्रयास समाज के लिए घातक साबित होता जा रहा है**

**कौशाम्बी।** आपराधिक घटनाओं में शामिल लोगो के नाम पिता का नाम पता फोटो उजागर कर आमजन मानस को घटनाओं और अपराधियों से सावधान करने की पहल भी गुनाह हो गया है अपराधियों की इतनी तरफ दारी व्यवस्था को कहा ले जा रही है इस पर विचार करने के बजाए अपराधियों की पहचान सार्वजनिक करना गुनाह घोषित कर अपराधियों की पहचान उजागर करने वालो को ही गुनाहगार बनाने की कोशिश शुरू कर अपराधियों का मनोबल बढ़ाने का यह कुत्सित प्रयास समाज के लिए घातक साबित होता जा रहा है यदि पहचान उजागर किया तो अपराधियों की पहचान सार्वजनिक करने वाला जेल भेज दिया जाएगा अपराधियों की पहचान गोपनीय रखने के बाद आमजन मानस सावधान सतर्क नही हो पाता और अपराधी बेखौफ होकर अपराध करते है अपराधी और उनके समर्थको का तो यही मकसद है कि उनकी पहचान गोपनीय रहे और वह बार बार अपराध की घटनाओं को अंजाम देकर बचते रहे अपराधियों की पहचान उजागर करने के मामले में सरकार को फिर से मंथन किए जाने की जरूरत है जिससे अपराधियों का चेहरा आमजन मानस के सामने सार्वजनिक हो और लोग उन्हें पहचान कर सावधान सतर्क रहने का प्रयास करे वरना अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाना मुश्किल ही नही नामुमकिन होगा।

## न्यूज झरोखा

### अदालत ने थाना अध्यक्ष करारी को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए किया तलब

**कौशांबी।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कौशांबी द्वारा 27 अक्टूबर को थाना अध्यक्ष करारी को रंजीता देवी के प्रार्थना पत्र पर विवेचना करने का निर्देश दिया था जिसकी जानकारी मुकदमा वादी रंजीता देवी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को दिया कि अभी तक थाना अध्यक्ष ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है विवेचना नहीं शुरू किया है इस पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने थाना अध्यक्ष करारी को व्यक्तिगत रूप से 1 दिसंबर को अदालत में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

### अलग-अलग थाना क्षेत्र से 6 अभियुक्तों का शांतिभंग में चालान

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट एवं शांति भंग करने के आरोप में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस ने 1 अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया तो वहीं थाना चरवा पुलिस ने 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

### सैनी और कोखराज पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के साथ 02 अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र से अवैध कच्ची शराब के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध कार्यवाही की गई। उ0नि0 अभिषेक कुमार यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सरवन पुत्र राम सिंह नि० त्रिलोकपुर थाना सैनी को 11 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया। इसी क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस उ0नि0 कामता प्रसाद मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सूरजबली पुत्र द्वारिका प्रसाद नि० बघेलापुर थाना कोखराज को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया।

### एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 02 दिसम्बर को

**कौशाम्बी।** जिला सेवा योजन, राजकीय आई0टी0आई0 एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 02 दिसम्बर 2023 को कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र भगवती टावर, सरांय अकिल के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा। यह जानकारी जिला सेवा योजन अधिकारी गौतम घोष ने देते हुए बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेंगी। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी विभाग की वेबसाइट पर प्राप्त की जा सकती है।

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** जनपद में चलाए जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों को यातायात नियम बताया गया एवं सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो पहिया/चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 117 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 03 वाहनों से 1500 रू0 सम्मन शुल्क वसूला गया।

### किशोरी को लेकर युवक हुआ गायब

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के एक गांव से 16 नवम्बर को 15 वर्षीय एक किशोरी को गांव के ही झझनिया पासी पत्नी चौबे सरोज के सहयोग से विपिन लोधी पुत्र राम खेलावन किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ लेकर भाग गया। किशोरी कि मां ने करारी पुलिस को तहरीर दी लेकिन पुलिस ने फरियादी की एक भी नहीं सुनी फरियादी की सुनने के बजाय पुलिस आरोपी को ही बढ़ावा दे रही है किशोरी की मां ने बुधवार के दिन पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराये जाने की मांग की है।

# दावत में शामिल होने गये परिवार के सूने घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** जिले में दावत में शामिल होने गये परिवार के सुने घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखो की चोरी कर ली,चोरों ने नगदी सहित लाखो का सामान पार कर दिया,परिवार दो दिन बाद शाम को घर पहुंचा तो चोरी की जानकारी हुई,पीड़ित परिवार ने मंगलवार को घटना की सूचना पुलिस को दी,तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे की है जहा सोमवार की रात प्रयागराज के नैनी में एक शादी समारोह में शामिल होने गये परिवार के घर का ताला तोड़कर चोरों ने जेवरात व नकदी समेत लगभग छः लाख का माल पार कर दिया। मंगलवार की रात वापस घर लौटे परिवार को जब चोरी होने की जानकारी हुई तो उन्होंने भरवारी चौकी पुलिस को इसकी लिखित तहरीर दी है। कोखराज थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार भरवारी निवासी संजय कश्यप पुत्र स्व. लक्ष्मी नारायण कश्यप प्लम्बर का काम करता है। संजय के अनुसार वह अपनी मां सरिता देवी व पत्नी को लेकर रविवार को प्रयागराज के नैनी में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। मंगलवार की रात घर वापस लौटे तो घर के बाहर का दरवाजा का कुंडी किसी औजार से काट कर अंदर रखा हुआ बक्सा और आलमारी को तोड़कर उसमें रखा हुआ सोने और चांदी के जेवरात व 60 हजार नकदी सहित लगभग छः लाख की चोरी कर ले गए.पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की,जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस मामले में कोखराज थाना प्रभारी इंद्र देव ने बताया कि चोरी की घटना की जानकारी मिली है,परिजनो की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है,जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का होगा आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**ग्राम पंचायत-फाजिलपुर गोपालपुर, उदहिन बुजुर्ग, टेवा तथा पिंडरा सहावनपुर में 30 नवम्बर को आयोजित होगा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम**

**कौशाम्बी।** विकास खण्ड सिराथू की ग्राम पंचायत-फाजिलपुर गोपालपुर व विकास खण्ड मंझनपुर की ग्राम पंचायत टेवा में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक विकास खण्ड सिराथू की ग्राम पंचायत-उदहीन बुजुर्ग व विकास खण्ड मंझनपुर की ग्राम पंचायत पिंडरा सहावनपुर 02 बजे से सायं 4:30 बजे तक दिनांक 30 नवम्बर 2023 को ह्लविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा। ह्लविकसित भारत संकल्प यात्राह्व कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं-आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, गॉवों का स्वामित्व, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं पीएम स्वनिधि योजना आदि से लाभान्वित किया जायेंगा। बैंक के स्टॉल के माध्यम से कृषकों की ई-केवाईसी, आधार सीडिंग, केसीसी एवं अन्य लोन से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण किया जायेंगा। समस्त सहकारी समितियों द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाया जायेंगा तथा रासायनिक उर्वरकों के वैकल्पिक उर्वरकों यथा-नैनो यूरिया के विषय में जागरूक किया जायेंगा। स्वास्थ्य विभाग एवं कृषि विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगायें जायेंगे। विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थी ह्लमेरी कहानी मेरी जुबानीह्व तहत अपने अनुभव/फीडबैक साझा करेंगे। वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री का रिकार्ड किया गया संदेश आमजन को सुनाया जायेंगा। विकसित भारत के लिए संकल्प वीडियो प्रसारित किया जायेंगा। सत्त कृषि गतिविधियों पर सत्र-ड्रोन प्रदर्शन, प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य कार्ड पर प्रगतिशील किसानों विषय विशेषज्ञों की वार्ता एवं चर्चा होगी। महिला एसएचजी सदस्यों/स्कूली छात्रों/ स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां-ह्लधरती कहे पुकारह्व एवं स्वच्छता गीत आदि प्रस्तुत किये जायेंगे। स्थानीय प्राथमिक/उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों द्वारा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

# बीस हजार नशेड़ी पीते हैं कौशाम्बी में गांजा

## गांजा के अवैध कारोबार पर आबकारी अधिकारी नही लगा पा रहे है रोक



**कौशाम्बी।** गांजे का अवैध कारोबार कौशांबी की धरती में दिनों दिन बढ़ता जा रहा है योगी सरकार और पुलिस अधिकारियों के बार-बार संगठित अपराध पर रोक लगाने के आदेश के बाद भी कौशांबी जिले में गांजे के अवैध कारोबार पर रोक लगती नहीं दिख रही है आबकारी अधिकारी भी दबी जुबान से इस बात को स्वीकार करते हैं कि अन्य नशे की तुलना में गांजा का नशा सस्ता पड़ता है जिससे गरीब लोग गांजा पीकर अपनी नशे की आदत की पूर्ति करते हैं बेबाक तरीके से आबकारी अधिकारी का मानना है कि जिले में लगभग 20 हजार लोग प्रतिदिन गांजा पीते हैं लेकिन जब उनसे इस बारे में सवाल किया गया कि इन्हें गांजा कौन देता है तो उन्होंने बेबाक तरीके से कहा कि सब कुछ खुलेआम दिखाई पड़ रहा है आप सब कुछ जानते हैं और इस सवाल के उत्तर पर वह मुस्कुराते हैं जिले में जिन्हें पहले भांग का ठेका दिया गया था बाद में उनके ठेके निरस्त हो गए हैं लेकिन इन बन्द ठेकों में भी गांजे की बिक्री बेखौफ तरीके से हो रही है आबकारी अधिकारी उनकी टीम पूर्व के भांग के ठेके में बिक रहे गांजे की बिक्री को नहीं रोक पा रहे हैं इसके अलावा भी कई दर्जन अन्य स्थानों पर बेखौफ तरीके से खुलेआम गांजे की बिक्री दुकान सजाकर हो रही है लेकिन उसके बाद आबकारी अधिकारी और उनकी टीम गांजे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने में अपने को अक्षम असहाय महसूस कर रही है जिससे गांजे का व्यवसाय खुलेआम बेखौफ तरीके से कौशांबी की धरती पर तेजी से अपनी जड़े जमा चुका है गांजे के बदनाम धंधे से जुड़े लोग देखते-देखते मालामाल हो गए हैं करोड़ों में खेलने वाले गांजा माफिया अक्सर आबकारी अधिकारी के कार्यालय में गुफ्तगू करते देखे जाते हैं गांजा माफियाओं से आबकारी अधिकारी और उनके टीम के क्या रिश्ते हैं यह बड़ी जांच का विषय है लेकिन उसके बाद भी शासन प्रशासन ने गांजा माफियाओं से आबकारी अधिकारी और उनकी टीम के रिश्ते की जांच नहीं कराई है गांजा माफियाओं को बेनकाब करने की जरूरत है छोटे-छोटे मामले में पुलिस गांजा बरामद की कार्यवाही कर रही है लेकिन बड़े कारोबारी पर पुलिस प्रशासन और आबकारी विभाग का चाबुक चलता नहीं दिख रहा है जिससे गांजे के अवैध कारोबार में लगे गाँजा माफियाओं के कारनामों पर रोक लगती नहीं दिख रही है जो आबकारी विभाग के अफसर और उनकी टीम के निष्ठा पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है जिले में तेजी से गांजा पीने के शौकीनों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है उससे बड़ी चिंता का विषय यह है कि आबकारी अधिकारी भी गांजा पीने वालों के आंकड़ों से बखूबी परिचित होने के बाद भी रोक लगाने को कतई तैयार नहीं है इलाके के लोगों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए

# शिक्षा समिति के अध्यक्ष की बातों को न मानने वाले अध्यापकों के बर्ताव पर कौन लगाएगा रोक!

**युनाइटेड भारत**




**कौशाम्बी।** सरकारी परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक शिक्षा समिति के सचिव होते हैं लेकिन वह अपने को शिक्षा समिति का तुर्रमखां समझने लगे और शिक्षा समिति के अध्यक्ष की बातों को मानने को तैयार नहीं है जिससे परिषदीय विद्यालयों की शिक्षण व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो रही है शिक्षा समिति के अध्यक्ष को उनके अधिकार दिए जाने चाहिए और सचिव के अतिक्रमण पर रोक लगाए जाने की जरूरत है लेकिन शिक्षा विभाग के आला अधिकारी भी अध्यापकों के इस बर्ताव पर उन पर कठोर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं जिससे परिषदीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक और शिक्षक बेलगाम है और शिक्षा समिति के अध्यक्षों को किनारे करके परिषदीय विद्यालय के शिक्षक और प्रधानाचार्य मनमानी तरीके से परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा का संचालन करना चाहते हैं जिसके चलते परिषदीय विद्यालयों की पूरी शिक्षा व्यवस्था चौपट हो गई है परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों का भविष्य अंधकार में दिखाई पड़ रहा है जिसके चलते उच्च वर्ग परिवार के अभिभावक अपने बच्चों को परिषदीय विद्यालय में दाखिला नहीं कराते हैं अधिकतर परिषदीय विद्यालयों में अनुशासनहीन शिक्षकों के चलते पठान-पाठन का कार्य गुणवत्ता विहीन हो गया है समय से विद्यालय नहीं खुल रहे हैं समय से शिक्षक स्कूल नहीं पहुंच रहे हैं गुणवत्तापूर्ण मिड डे मील भोजन नहीं बन रहा है फर्जी तरीके से छात्रों की उपस्थिति दर्ज कर अधिकारियों को गुमराह कर मिड डे मील योजना संचालन के लिए मिलने वाली रकम पर डाका डाला जा रहा है ताजा मामला चायल तहसील क्षेत्र के रैया देह माफी गांव में देखने को मिला है। परिषदीय विद्यालय के शिक्षक और प्रधानाध्यापक पर अंकुश लगाने के लिए शिक्षा समिति के अध्यक्ष ग्राम प्रधान ने अधिकारियों से शिकायत की देर से आने वाले विद्यालय के शिक्षक और प्रधानाचार्य को समिति के अध्यक्ष ने फटकार लगाई शासन के निर्देशों का पालन न करने वाले शिक्षकों की शिकायत शिक्षा समिति के अध्यक्ष को महंगी पड़ गई जिससे प्रधानाचार्य और शिक्षक शिक्षा समित के अध्यक्ष से अंजिश मानने लगे और शिक्षण व्यवस्था को सुधार करने विद्यालय समय से आने गुणवत्तापूर्ण भोजन बनाने की पहल करने के बजाय शिक्षा समित के अध्यक्ष और उनके पुत्र पर ही गम्भीर आरोप लगा दिया मामले की जांच कराई गई जांच पूरी होने के पूर्व ही शिक्षा समिति के अध्यक्ष और उनके पुत्र के विरुद्ध प्रधानाध्यापक और शिक्षकों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया है यह कहां का न्याय संगत है शिक्षा समिति के अध्यक्ष के ऊपर शिक्षा व्यवस्था में व्यवधान डालने का आरोप लगाया गया है विद्यालय के समान के तोड़फोड़ का आरोप भी शिक्षा समिति के सचिव ने अध्यक्ष पर लगाया जबकि यहां पूरी तरह से निराधार था। संविधान में शिक्षा समिति के अध्यक्ष को ही सर्वोपरि माना गया है लेकिन शिक्षा समिति के सचिव तानाशाह दिखाई पड़ रहे हैं आखिर कौशांबी में कानून व्यवस्था कहां चली गई है देखने सुनने वाले मौन है परिषदीय विद्यालय के अध्यापक मनमानी पर उतारू है जिससे पूरे जिले की परिषदीय विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था चौपट है परिषदीय विद्यालय में बनाए जाने वाले भवन समय से पूर्व ध्वस्त हो रहे हैं रंग रोगन सजावट के नाम पर मिलने वाले भारी भरकम रकम पर शिक्षा समिति के सचिव प्रधानाध्यापक द्वारा डाका डाला जा रहा है लेकिन शिक्षा विभाग के अधिकारी शिक्षा को चौपट करने वाले शिक्षक और प्रधानाचार्य पर कार्यवाही करते नहीं दिख रहे हैं शासन प्रशासन को इस मामले को गंभीरता से लेना होगा और शिक्षा समिति के अध्यक्षों के अधिकार को बहाल करना होगा। शिक्षा समिति के अध्यक्ष पर आरोप लगाने वाले सचिव के पद पर तैनात शिक्षक और प्रधानाध्यापक को नैतिकता और कानून का पाठ पढ़ना होगा शिक्षा समिति के निर्देशों के अनुसार काम करने की शिक्षा समिति के सचिव प्रधानाध्यापक और शिक्षकों की जवाब देही तय करनी होगी लेकिन ऐसा होता दिख नहीं रहा है और शिक्षा समिति के अध्यक्ष पर सचिव भारी पड़ चुके हैं जहां अनुशासन खत्म होगा वही व्यवस्थाएं चौपट होगी और परिषदीय विद्यालय में नैतिकता का पाठ पढ़ाने वाले शिक्षकों का अनुशासन खत्म हो गया है अनुशासनहीन शिक्षको पर कठोर कार्रवाई किए जाने की जरूरत है लेकिन अनुशासनहीन हो चुके शिक्षा समिति के सचिव प्रधानाध्यापक और शिक्षक पर कब कार्यवाही होगी इसका जवाब देने वाला कोई तैयार नहीं है।

## संपादक की कलम से

# कॉप शिखर सम्मेलन 2023 - जलवायु परिवर्तन पर प्राथमिकता से वैश्विक मंथन

वैश्विक स्तरपर दुनियां का हर देश जलवायु परिवर्तन के भीषण परिणाम से पीड़ित है, जिसका निदान करना और प्राकृतिक संसाधनों का दोहन रोकना, पर्यावरण की रक्षा करना हर देश ही नहीं बल्कि हर मानवीय जीव का कर्तव्य है। पिछले दो दिनों वआज 29 नवंबर 2023 को हम देख रहे हैं ठंड का मौसम होने के बावजूद झमाझम बारिश हो रही है जो जलवायु परिवर्तन के दुष्टपरिणामो का ही असर है। पर्यावरण की रक्षा, जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए ही वैश्विक 28 वा कॉप वैश्विक शिखर सम्मेलन संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में 30 नवंबर से 12 दिसंबर 2023 तक विचार विमर्श, मंथन कर सर्वसम्मति अनुमति से योजनाएं बनाकर वैश्विक स्तरपर क्रियान्वयन करने के लिए प्रस्ताव पारित किया जाएगा, जिसमें भारतीय पीएम भी शरीक होंगे। चूंकि जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम से आज पूरी मानव जाति पीड़ित है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, जलवायु परिवर्तन एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता वाला क्षेत्र है, इसके खतरों से निपटने निर्धारित योजनाओं का सटीक क्रियान्वयन जरूरी है।

साथियों बात अगर हम 30 नवंबर से 12 दिसंबर 2023 तक चल रहे 28 वें कॉप शिखर सम्मेलन की करें तो, कॉप (सीओपी) का मतलब पार्टियों का सम्मेलन है। अभी तक इसकी कुल 27 बैठकें हो चुकीं हैं, बता दें कि पिछले कॉप 27 का आयोजन नवंबर 2022 में मिस्त्र के श्रम अल शेख में किया गया था । कॉप के तहत हर साल एक बैठक आयोजित की जाती है, जिसमें दुनियां भर के राष्ट्राध्यक्ष ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए योजनाएं बनाते हैं इसके अंतर्गत संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश जलवायु परिवर्तन से निपटने में कारगर उपाय का आकलन करने और यूएनएफसीसीसी के दिशानिर्देश के तहत जलवायु परिवर्तन कार्रवाई करते हैं। बैठक का औपचारिक नाम जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन या संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के दलों का कॉन्फ्रेंस है। पहला कॉप 1995 में बर्लिन में आयोजित किया गया था। जलवायु कार्रवाई की गंभीरता को देखते हुए, वैश्विक उपभोग पैटर्न को सही करने की आह्वान किया गया है। बता दें 2021 में ग्लासगो में आयोजित जलवायु वार्ता में भीहमारे पीएम ने शिरकत की थी, जहां उन्होंने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भारत की रणनीति तो उजागर किया था। पीएम ने पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली को अपनाने के लिए जोर दिया था। मीडिया की मानें तो पीएम मोदी 30 नवंबर को यूएई जाएंगे और अगले दिन एक दिसंबर को संयुक्त राष्ट्र के विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में शिरकत करेंगे। 30 नवंबर से दो दिसंबर को विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में तमाम देशों के नेता और प्रमुख संस्थानों के अध्यक्ष शामिल होंगे। इस बैठक में जलवायु कार्रवाई को सुदृढ़ रूप से लागू करने के लिए उद्देश्य से कार्यों और योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। इसमें जीवाश्म ईंधन के उपयोग मीथेन उत्सर्जन समेत विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की उम्मीद है। जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए अमीर देशों की तरफ से विकासशील देशों को मुआवजे के तौर पर वित्तीय सहायता दिए जाने के मुद्दे पर भी चर्चा हो सकती है। इसमें जीवाश्म ईंधन के उपयोग, मीथेन उत्सर्जन, और ग्लोबल वार्मिंग उत्सर्जन को कम करने समेत विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की उम्मीद है।जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए अमीर देशों की तरफ से विकासशील देशों को मुआवजे के तौर पर वित्तीय सहायता दिए जाने के मुद्दे पर भी चर्चा हो सकती है।

## हादसा और हकीकत

पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में प्रचार का दौर अब खत्म हो गया है। 28 नवंबर की शाम को मतदान के आखिरी दौर यानी तेलंगाना में चुनावों के पहले का प्रचार भी खत्म हो गया। इससे पहले मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में चुनाव हो चुके हैं। 30 तारीख को तेलंगाना में मतदान होगा और उसके बाद 3 दिसंबर को नतीजे आ जाएंगे। यानी 30 नवंबर से 3 दिसंबर तक प्रधानमंत्री के पास कम से कम चुनावों का कोई काम नहीं होगा। वर्ना वे साल में तीन चौथाई समय इसी में व्यस्त रहते हैं। बचा एक चौथाई वक्त, हरी झंडी दिखाने, मंदिरों में पूजा-पाठ, नियुक्ति पत्र वितरण या फिर मन की बात में निकल जाता है। अभी पांच राज्यों के चुनाव थे, तो श्री मोदी की व्यस्तता अत्यंत बढ़ गई थी।

आखिर सारे कामों में सबसे जरूरी उनके लिए भाजपा का प्रचार करना ही तो है। उन्हें भाजपा की खातिर विश्वकप क्रिकेट का फाइनल मुकाबला देखने अहमदाबाद जाना पड़ा, फिर बंगलुरू में तेजस में उड़ान भरनी पड़ी, इसके बाद तिरूपति जाकर बालाजी के दर्शन भी करने पड़े और इन सबके बीच 26 नवंबर को उन्होंने मन की बात भी की। भाजपा सही कहती है कि श्री मोदी 18 घंटे काम करते हैं। मात्र तीन घंटे सोने वाले श्री मोदी दिल्ली से ढाई हजार किलोमीटर दूर मणिपुर नहीं जा पाए। वे दिल्ली से 423 किमी दूर सिलक्यारा भी कम से कम इन पंक्तियों के लिखने तक नहीं पहुंच पाए।

उत्तरकाशी का सिलक्यारा 17 दिनों पहले तब सुर्खियों में आया, जब दीपावली के दिन खबर आई कि यहां बनाई जा रही साढ़े चार किमी की सुरंग में 41 मजदूर फंस गए हैं। कार्तिक अमावस्या की काली रात, जब देश का आसमान घुप्प स्याह हो गया था और लोग दीयों से अपनी जिंदगियों में रौशनी भरने में लगे थे, तब इन मजदूरों और इनके परिजनों के लिए रात और काली हो गई थी। अमावस्या से पूर्णिमा तक दिन गुजरते गए, इस दौरान इन मजदूरों के परिजन हर पल आस लगाए बैठे रहे कि किसी तरह उनके अपने अंधेरी सुरंग से बाहर निकल आएं। बचाव और राहत कार्य की कोशिशें जारी रहीं।

विदेशों से मशीन मंगाई गई, उससे काम नहीं बना तो दूसरे तरीके आजमाए गए। मजदूरों से किसी तरह संवाद कायम रखा गया, उनकी खैर-खबर ली जाती रही। किसी ने बताया कि दैवीय प्रकोप यानी देवता के रुष्ट होने के कारण यह हादसा हुआ तो सुरंग के मुहाने पर बाबा बौखनाग का मंदिर अस्थायी तौर पर बनाया गया। यहां के लोगों में से कुछ का कहना है कि सुरंग बनाने के लिए पहले बने यहां के मंदिर को हटाया गया था, इसलिए यह हादसा हुआ। अब यह सोचने वाली बात है कि प्रकोप का शिकार मजदूर ही क्यों बने। अगर उन्होंने मंदिर पहले तोड़ा भी था, तो वो किसी के आदेश पर ही किया था, और ऐसे में सारा दोष आदेश देने वाले का हुआ, मजदूरों का नहीं। लेकिन जब बात धार्मिक मान्यताओं की हो तो वहां तर्कों को खारिज कर दिया जाता है। मुख्यमंत्री धामी ने अपने ट्वीट में सबसे पहले बाबा बौखनाग की कृपा ही मानी है कि सभी मजदूरों के निकलने की आस बनी है।

कल ही यहां पूर्व सेनाध्यक्ष और केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री वी के सिंह पूजा करते भी दिखे। एक टीवी चैनल ने ये भी दिखाया कि मंदिर के पास ही चट्टान पर एक आकृति उभरी है, जो शिवजी की तरह लग रही है। अमूमन आम लोग इस तरह की बातें करते हैं कि किसी पेड़ पर, फल को बीच में या चट्टान पर किसी देवता या देवी की आकृति नजर आई। यह विशुद्ध आस्था की बातें होती हैं और इनका कोई ठोस वैज्ञानिक आधार नहीं होता। जिस आकृति में एक धर्म के लोगों को अपने ईष्ट नजर आ सकते हैं, वही आकृति दूसरे धर्म के लोगों के लिए महज एक डिजाइन हो सकती है। पत्रकारिता में ऐसी बातों का जरा भी स्थान नहीं होना चाहिए। क्योंकि इनसे हम किसी न किसी तरह अंधविश्वास को बढ़ावा देते हैं।

# सिलक्यारा की रोशनी से सबक लेने की जरूरत

दृढ़ इच्छाशक्ति, लगन, उम्मीद, सकारात्मकता और हौसले की ताकत ने मिलकर आखिर प्रकृति के साथ लड़ी 17 दिन की जंग में जिन्दगी को विजयी बना दिया। सिलक्यारा सुरंग में आठ राज्यों के 41 मजदूरों को सकुशल जिन्दा निकाल लेने के 400 घंटों तक चले संघर्ष में जीत इंसान के चट्टानी हौसले के नाम दर्ज हुई। उत्तरकाशी टनल में फंसे इन सभी मजदूरों को जब मंगलवार रात सुरक्षित निकाला गया, तो देश ने राहत की सांस ली और दीपावली मनाई। यह बचाव अभियान प्रशंसनीय एवं अनुकरणीय बना है। जिसमें विज्ञान में विश्वास एवं आस्था ने मनोबल दिया। दीपावली के दिन से टनल में फंसे मजदूरों का सुरक्षित बाहर आना किसी चमत्कार से कम नहीं माना जा सकता। बचाव अभियान में हर मोड़ पर आती बाधाओं से बार-बार निराशा एवं नाउम्मीदी के बादल छाए जरूर लेकिन बचाव दल के अथक प्रयास आखिर में रंग ले ही आए। बजाव कार्य में जुटे जाम्बाज राहत कर्मियों का भरोसा, केन्द्र एवं राज्य सरकार की पूरी ताकत एवं पूरे देश की प्रार्थनाओं का ही असर था जो डर, निराशा और दुश्चिंताओं को दूर करने का हौसला बराबर देता रहा।



17 दिन तक संकटकालीन स्थितियों में मजदूरों को जीवित रखने की चुनौती वाकई बहुत बड़ी थी, जिस पर पूरी दुनिया की नजरें लगी थीं। मजदूरों तक ऑक्सीजन और भोजन पानी पहुंचाना भी आसान नहीं था। तरह-तरह की बाधाओं एवं तकलीफों के बीच जिन्दगी बचाने की मुहिम निश्चित ही एक रोशनी बनी। इसमें सुरंग में फंसे मजबूरों ने जहां हर तरह से जिजीविषा एवं बहादुरी का परिचय दिया, वहीं बचाव कार्य में जुटे वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों, तकनीकी जानकारों एवं कर्मियों ने दिनरात एक करके एक उदाहरण प्रस्तुत किया। यह बचाव अभियान एवं इसकी सफलता ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय उदाहरण बनकर प्रस्तुत हुआ है। दुविधा एवं मौत की सुरंग में कैद हुए मजदूरों को संकट से आजादी मिली, लेकिन सिलक्यारा की इस घटना ने अनेक सवाल भी खड़े किए हैं। सवाल यह है कि एक प्लान के विफल होने पर दूसरा और आगे के विफल होने पर ही तीसरा, चौथा, पांचवां प्लान क्यों बना? क्या पांच प्लान पहले ही तैयार नहीं हो सकते थे? बीते दो दशकों में राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क-क्रांति ने विकास की नई इबारत लिखी है, चारधाम सड़क परियोजना, पहाड़ी क्षेत्रों एवं दुर्गम्य स्थलों में भी यातायात सुगम करने के लिए पहाड़ खोदकर टनल बनाए जा रहे हैं, जिनमें दुर्घटनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। प्रश्न है कि संभावित दुर्घटनाओं से बचने के आवश्यक उपकरण क्यों नहीं जुटाये गये? मलबा हटाने के लिए अमरीका से क्यों मशीन मंगवानी पड़ी, भारत में ऐसी मशीनों की उपलब्धता क्यों नहीं है? ऐसी विपत्तियों एवं संकटों से उबरने की हमारी तैयारी आत्म-निर्भर एवं स्वावलम्बी क्यों नहीं बनायी जाती? क्यों नहीं अपने देश में जगह-जगह बढ़ती सुरंग परियोजना को देखते हुए एक ऐसे राष्ट्रीय संस्थान खड़ा किया जाता जो बिना भ्रष्टाचार एवं कौताही में लिप्त हुए निमार्णाधीन परियोजनाओं का हर वर्ष तकनीकी ऑडिट करे, जैसा कि सरकारी संस्थानों में वित्तीय ऑडिट होता है। तब हम ऐसे हादसों को रोक पाएंगे। हिमालय जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में ऐसी बड़ी सड़क परियोजनाओं एवं अन्य निर्माण कार्यों की इजाजत देने से पहले उस पर व्यापक मंथन-अनुसंधान-जांच एवं शोध की अपेक्षा है। किस तरह के निर्माण कार्यों की इजाजत दी जाए और किस तरह के काम को नहीं, यह भी समझना एवं एक रोडमैप बनाना होगा। पर्यावरणविद और भूविज्ञानी ऐसे निर्माण कार्यों को पर्यावरण के लिये गंभीर खतरा मानते रहे हैं, ऐसे लोग लंबे समय से कहते आ रहे हैं कि हिमालय एक कच्चा पहाड़ है, वहां बड़ी परियोजनाओं को अनुमति देने से पहले सब तरह की जांच कर लेनी चाहिए। संभावित खतरों पर संवेदनशीलता से चिन्तन करना चाहिए। उत्तरकाशी के सिलक्यारा में बन रही सुरंग में भी यह बात सामने आई है कि इस जगह के आसपास दो स्थानीय फॉल्टों की उत्तर से दक्षिण तक कटान है। क्या इस सुरंग को बनाने से पहले इसका अध्ययन नहीं किया गया था? बचाव कार्य के लिए यहां आए विदेशी सुरंग विशेषज्ञों ने शेयर जोन की बात कही। शेयर जोन उसे कहते हैं, जिसके आसपास से दो नदियां एक-दूसरे को क्रॉस करती हैं। भूकंप जोन होने से भी ऐसे इलाकों में भू-धंसान की समस्या आती है। खुदाई करने वाले कई मजदूरों ने भी इस बात को रेखांकित किया एवं चेताया कि सुरंग से बार-बार धसकते मलबे की समस्या है, मगर उस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। प्रश्न है कि कौन लोग इस उपेक्षा के लिये जिम्मेदार है। इसलिए यहां इन्फ्रास्ट्रक्चर को लेकर संवेदनशीलता की जरूरत है।

खान या सुरंग में मजदूरों के फंसने की घटनाएं देश ही नहीं दुनियाभर में होती रहती हैं। कभी पहाड़ के धंसने से और कभी खदानों में पानी भरने से भीषण हादसे होते रहते हैं। जहां विकास की गंगा बहती है, वहां विनाश की संभावना से नकारा नहीं जा सकता। लेकिन हमें संभावित खतरों पर अधिक गंभीर होने की अपेक्षा है। मैदानी इलाकों में ही नहीं, उच्च हिमालयी क्षेत्र में भी सड़क, रेल और जलविद्युत परियोजनाओं तक के लिए सुरंगों का जाल बिछाया जा रहा है, क्योंकि सुरंगों को बहुत अच्छा विकल्प माना जाता है। क्या सुरंगें वाकई बेहतर विकल्प हैं? कैसे हो रहा है उनका निर्माण? इन प्रश्नों पर व्यापक मंथन की अपेक्षा है। ऐसा नहीं है कि भारत में ऐसी परियोजनाएं हर जगह ऐसी दुर्घटनाओं की शिकार हुई है। कोंकण रेलवे और दिल्ली मेट्रो की कई जटिल सुरंगों पर सफलतापूर्वक काम हुआ है। उत्तराखंड मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के डायरेक्टर एंड प्लानिंग बृजेश मिश्रा के अनुसार, सुरंग परियोजना में सबसे अहम जियो टेक्निकल इंवेस्टिगिशेन होता है, इसी से तय होता है कि सुरंग खुदाई के बाद कितनी देर तक टिक पाएगी। निर्माण के दौरान कोई बड़ा अवरोध या खतरा तो नहीं होगा। साथ ही, इसे किस तरह के ट्रीटमेंट की जरूरत है, पर दुर्गम पहाड़ में कई बार जांच उपकरण अधिक ऊंचाई तक ले जाना मुश्किल हो जाता है और जियो टेक्निकल इंवेस्टिगिशेन पर समग्रता से कार्य नहीं होता। कई बार राजनीतिक कारणों से जल्द काम निपटाने के दबाव में सुरंग के मुहाने पर किए गए अध्ययन के आधार पर ही काम शुरू कर दिया जाता है, जो बाद में बहुत भारी पड़ता है। ऐसे मामलों में बहुत कारगर कथन है कि सावधानी हटी और दुर्घटना घटी। उत्तराखंड सुरंग हादसे में शायद ऐसा ही हुआ।

सिलक्यारा की घटना से एक तथ्य और सामने आया है कि ऐसे बचाव कार्य के लिए कोई पक्की योजना हमारे पास नहीं है। इसी वजह से विदेश से मदद लेनी पड़ी। अच्छा यही होगा कि इस घटना से सबक लेकर इस तरह के बचाव कार्य की पुख्ता प्रक्रिया और सामर्थ्य देश के पास हो ताकि आने वाले वक्त में इस तरह का बचाव कार्य जल्द से जल्द और बिना किसी बाधा के पूरा किया जा सके। इस हादसे से सबक लेते हुए आपदा प्रबंधन कार्यों को आधुनिक रूप देने के लिए हर संभव उपाय किए जाने चाहिए। विदेशों से हम तकनीक के मामले में मदद लेते रहते हैं। इस क्षेत्र में भी विदेशों से तकनीकी ज्ञान हासिल करने के साथ इंजीनियरों के प्रभावी प्रशिक्षण की भी समुचित व्यवस्था नियमित रूप से होनी चाहिए। विशेषज्ञों की मानें, तो अब भारत में सुरंग निर्माण पहले से कहीं ज्यादा चाक-चौबंद हो जाएगा। सिलक्यारा में सत्रह दिन के अंधेरे के बाद आई नई सुबह से भले ही हर भारतीय खुश हुआ होगा, लेकिन असली खुशी तो तब होगी जब ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। सिलक्यारा हादसे से नकारात्मक नजरिया बनाने की जरूरत नहीं है, बल्कि तय सुरक्षा प्रोटोकॉल को और सख्ती से लागू किए जाने की जरूरत है। निश्चित ही अपने बुलंद हौसलों के कारण सिलक्यारा बचाव अभियान में हम कामयाब होकर पूरी दुनिया के सामने एक प्रेरणा बन गए है। प्रेषकः

(ललित गर्ग)
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92**

# विधानसभा चुनावो में दिखाया कांग्रेस ने दम

**रमेश सर्राफ धमोरा**

देश के पांच राज्यो के विधानसभा चुनावो में कांग्रेस ने अपनी ताकत का एहसास कराया है। कर्नाटक व हिमाचल प्रदेश विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस ने भारी बहुमत से अपनी सरकार बनाकर भाजपा को जबरदस्त पटकनी दी थी। तभी से लगने लगा था कि कांग्रेस धीरे-धीरे अपनी स्थिति सुधार रही है। वहीं केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा का पराभव प्रारंभ हो चुका है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जब भारत जोड़ो यात्रा प्रारंभ की थी तो किसी को सपने में भी गुमान नहीं था कि उनकी यात्रा को आमजन का इतना जन समर्थन मिलेगा। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा ने कमजोर होती कांग्रेस में एक नई जान फूंकने का काम किया है।

पांच राज्यों में चल रहे विधानसभा चुनाव को लोकसभा चुनाव के ट्रेलर के रूप में देखा जा रहा है। इन राज्यों के नतीजे का असर अगले वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। सबसे बड़ी बात 26 विपक्षी दलों द्वारा बनाए गए इंडिया गठबंधन अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को कितनी बड़ी चुनौती दे पाएगा इसका पता भी इन विधानसभा चुनाव के परिणामों से लग जाएगा। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, मिजोरम में विधानसभा की कुल 679 सीटों के लिए हो रहे चुनाव में कांग्रेस प्राय सभी सीटों पर चुनाव लड़ रही है।

हिंदी भाषी बेल्ट माने जाने वाले राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में तो कांग्रेस की भाजपा से सीधा मुकाबला है। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने इन तीनों प्रदेशों में सरकार बनाई थी। मगर भाजपा ने षडयंत्र पूर्वक मध्यप्रदेश की सरकार को गिरकर शिवराज सिंह चैहान के नेतृत्व में अपनी सरकार बना ली थी। अब इन तीनों ही प्रदेशों में एक बार फिर कांग्रेस व भाजपा में सीधा मुकाबला हो रहा है। यहां मतदान हो चुका है। मतदान के प्रारंभिक रुझानों से लगता है कि कांग्रेस मजबूत बनकर उभर रही है।

राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस ने पिछले दो वर्षों में बहुत सी जनहितकारी योजनायें शुरू की थी। जिसका असर इन चुनाव में भी देखने को मिला है। चुनाव के दौरान राजस्थान में कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में प्रदेश की जनता से सात वायदे किए हैं तथा कहा है कि यदि फिर से कांग्रेस की सरकार बनती है तो वह इन वादों को लागू करेगी। यह सभी वायदे आमजन को खासा प्रभावित कर रहे हैं।

राजस्थाना में कांग्रेस ने कमजोर स्थिति वाले बहुत से विधायकों का टिकट काट कर नए लोगों को मौका दिया है। जिससे सरकार के प्रति व्याप्त नाराजगी समाप्त हुई है। राजस्थान विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस तरह से चुनावी चक्रव्यूह की रचना की थी जिसमें भाजपा के दिग्गज नेता भी उलझ कर रह गए। कई बड़े जाट नेताओं के भाजपा में जाने के बावजूद कांग्रेस पार्टी ने जाट समाज के लोगों को बढ़ चढ़कर टिकट दिया थां जिसके चलते जाट समाज के मतदाता कांग्रेस से ही जुड़े रहे हैं।

प्रदेश में सबसे बड़ी आबादी जाट समाज की है जो पारंपरिक रूप से कांग्रेस के समर्थक रहे हैं। इस बार भी जाटों का कांग्रेस से जुड़ाव कांग्रेस के लिए एक नई संजीवनी साबित हो रहा है। हालांकि भाजपा ने सात सांसदों को चुनाव मैदान में उतारा था। मगर सभी सांसद चुनावी चक्रव्यूह में फंसे हुए नजर आये। उनके चुनाव लड़ने से भाजपा को कोई फायदा होता नजर नहीं आ रहा है। उसके उलट कांग्रेस ने संगठन से जुड़े कई नए लोगों को अवसर देखकर पार्टी कार्यकताओं में एक नए जोश का संचार किया है।

मध्य प्रदेश में कांग्रेस को भाजपा द्वारा करवाए गए दल-बदल का लाभ मिलता नजर आ रहा है। पिछले विधानसभा चुनाव में वहां कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनी थी। मगर सवा साल बाद ही भाजपा ने ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक विधायकों से दल-बदल करवाकर कमलनाथ सरकार को गिराकर भाजपा की सरकार बना ली थी। भाजपा ने वहां अपनी जोड़-तोड़ से सरकार तो बना ली थी। मगर कांग्रेस से भाजपा में आए सिंधिया समर्थक विधायकों व भाजपा के मूल कार्यकताओं का टकराव कभी समाप्त नहीं हो पाया। यहां तक की टिकट वितरण में भी भाजपा दोनों गुटों को एक जगह करने में असफल रही।

इसी के चलते बड़ी संख्या में भाजपा के बागी मैदान में उतरकर भाजपा प्रत्याशियों को नुकसान पहुंचाया है। मध्य प्रदेश में लगातार शिवराज सिंह के मुख्यमंत्री बनने व उनके शासन में खुले आम भ्रष्टाचार होने के कारण वहां की जनता में सरकार के प्रति भारी नाराजगी व्याप्त थी। जिसका असर चुनाव में होना तय माना जा रहा है। शिवराज सिंह चैहान के मुख्यमंत्री रहते पहले व्यापम घोटाने का दाग लगा था जो धूल भी नहीं पाया था कि पिछले दिनो पटवारी भर्ती परीक्षा को लेकर भी शिवराज सिंह सरकार को खासी बदनामी झेलनी पड़ी थी।

लगातार चार बार मुख्यमंत्री रहने के कारण मध्य प्रदेश के लोगों में शिवराज सिंह चौहान की नकारात्मक छवि बन चुकी है। जिसका खामियाजा वहां भाजपा को उठाना पड़ेगा। मध्यप्रदेश में भी भाजपा ने बड़ी संख्या में केंद्रीय मंत्रियों व सांसदों को मैदान में उतार कर शिवराज सरकार के प्रति व्याप्त हो रही नाराजगी को कम करने का प्रयास किया था। मगर ऐसा हो नहीं पाया। मध्य प्रदेश की जनता शिवराज सरकार के कारनामों के कारण हर हाल में भाजपा सरकार को बदलना चाहती है।

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस के पहले ऐसे नेता है जो पांच साल शासन करने के उपरांत भी प्रदेश की जनता में पहले की तरह लोकप्रिय बने हुए हैं। जमीन से जुड़े होने के कारण बघेल को आम आदमी की समस्याओं का पता है। अपने कार्यकाल में उन्होंने आम आदमी के भले से जुड़ी अनेकों योजनाएं जारी कर लोगों में अपनी सरकार के प्रति नकारात्मक भावना पैदा ही नहीं होने दी। जिसका लाभ उनको विधानसभा चुनाव में भी मिलता दिख रहा है। अंतिम वर्ष में उन्होंने अपने प्रतिद्वंदी टीएस सिंह देव को उपमुख्यमंत्री बनाकर उनकी नाराजगी ही दूर नहीं की बल्कि कांग्रेस संगठन को भी मजबूत करने का काम किया है।

पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा के मुख्यमंत्री रमन सिंह के 15 साल के कार्यकाल से तंग आ चुकी जनता को भूपेश बघेल ने एक नया नेतृत्व देखकर प्रदेश के सभी वर्गों के विकास का वादा किया था। जिस पर उन्होंने खरा उतरने के लिए पूरा प्रयास किया है। छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस मजबूती के साथ चुनाव लड़ी है और फिर से सरकार बनाने को लेकर पूरी तरह आशान्वित नजर आ रही है।

तेलंगाना में कांग्रेस ने सबसे अधिक मजबूती दिखाई है। 2014 के बाद तेलंगाना में कांग्रेस बहुत कमजोर स्थिति में पहुंच गई थी। मगर इस बार बीआरएस पार्टी के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव को कड़ी टक्कर दे रही है। वहां तो स्थिति यहां तक पहुंच गई है कि भाजपा व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की पार्टी में गुप्त समझौता हुआ बताते है। जिसके चलते भाजपा कांग्रेस को हराने के लिए अंदरखान बीआरएस को चुनाव जितवाने का प्रयास कर रही है। इसी के चलते विधानसभा चुनाव प्रचार में भाजपा की तरफ से पहले जैसी आक्रामकता नजर नहीं आयी।

मिजोरम में कांग्रेस पूरी ताकत से सत्ता में आने का प्रयास कर रही है और कांग्रेस नेताओं के चुनाव प्रचार से लगता है कि वहां कांग्रेस अपनी खोई जमीन को फिर से पा लेगी। विधानसभा चुनाव के नतीजे आने में अभी समय है। मगर जिस तरह से मतदान हुआ है उसको देखकर लगता है कि आने वाला समय कांग्रेस के लिए शुभ संकेत लेकर आएगा।

# लोकतंत्र के मंदिर में दागियों की सियासत

**बाल मुकुन्द ओझा**

चुनाव आते हैं तो राजनीति और अपराध जगत का संबंध भी सुर्खियों में आ जाता है। अपराधियों को नेताओं का समर्थन हो या नेताओं की अपराधियों को कानून के शिकंजे से बचाने की कोशिश, आखिर राजनैतिक दलों पर अपराधियों का ये कैसा असर है। भारतीय लोकतंत्र में अपराधी इतने महत्वपूर्ण हो गए हैं कि कोई भी राजनीतिक दल उन्हें नजरअंदाज नहीं कर पा रहा। हालात यहाँ तक पहुँच गए है कि पार्टियाँ उन्हें नहीं चुनती बल्कि वे चुनते हैं कि उन्हें किस पार्टी से लड़ना है। उनके इसी बल को देखकर उन्हें बाहुबली का नाम मिला है। कभी राजनीतिज्ञ अपराधियों का अपने लाभ के लिए इस्तेमाल करते थे अब अपराधियों ने दूसरे को लाभ पहुँचाने के बदले खुद ही कमान संभाल ली है।

हम बात कर रहे है राजस्थान, मध्य प्रदेश, छतीसगढ, तेलंगाना और मिजोरम विधानसभा चुनावों की। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों को अपनी टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारने को लेकर देश में एक बार फिर सियासी बहस छिड़ गयी है। चुनाव परिणामों से पूर्व मंगलवार को एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने एक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के अनुसार, पांचों राज्यों में चुनाव लड़ने वाले करीब 18 प्रतिशत उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। अऊफ ने मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना में चुनाव मैदान में 8,054 उम्मीदवारों में से 8,051 के हलफनामों (स्व-घोषित शपथ पत्र) की जांच की। रिपोर्ट के मुताबिक, 1,452 उम्मीदवारों (18 प्रतिशत ) के खिलाफ आपराधिक मामले हैं, जबकि 959 (12 प्रतिशत) के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। 22 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ हत्या से संबंधित मामले घोषित किए हैं। 82 ने हत्या के प्रयास से संबंधित मामले घोषित किए हैं। 107 ने महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामले घोषित किए हैं। इनमें राजस्थान में 326, मध्य प्रदेश में 472, छतीसगढ़ में 126 ,तेलंगाना में 529 और मिजोरम में 7 उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज है। दागियों पर सभी पार्टियों ने अपना विश्वास व्यक्त किया है। रिपोर्ट में कहा गया कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में सुप्रीम कोर्ट के निदेशों का पालन नहीं किया गया है। राजनीतिक दलों ने फिर से दागी को टिकट देने की अपनी पुरानी परंपरा का पालन किया है।

राजनीति में शुचिता को लेकर ऊपरी तौर पर सभी सियासी दल सहमत है मगर व्यवहार में उनकी कथनी और करनी में भारी अंतर है। लगभग सभी दल चुनाव जीतने के लिए ऐसे उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारते है जो बाहुबली होने के साथ आपराधिक आचरण वाले है। नेताओं के खिलाफ अदालती मुकदमें कोई नयी बात नहीं है। आजादी के बाद से ही नेताओं को विभिन्न धाराओं में दर्ज मुकदमों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दो दशकों में ऐसे मामलों में यकायक ही तेजी आयी। दर्ज मुकदमों में हत्या, हत्या के प्रयास, सरकारी धन का दुरूपयोग, भ्रष्टाचार, बलात्कार जैसे गंभीर प्रकृति के मुकदमें भी शामिल है। कई नामचीन नेता आज भी जेलों में बंद होकर सजा भुगत रहे है और अनेक नेता जमानत पर बाहर आकर मुकदमों का सामना कर रहे है। वर्षों से इन मुकदमों का फैसला नहीं होने से हमारी लोकतान्त्रिक प्रणाली पर सवाल उठते रहे है। लम्बे मुकदमें चलने से सबूत मिलने में काफी परेशानी होती है और अंततोगत्वा आरोपी बरी हो जाते है। सुप्रीम अदालत यदि ऐसे मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लिए कोई सख्त कदम उठाये तो पीड़ितों को न्याय मिल पायेगा।

पिछले सालों में देश में जिस तरह हमारी राजनीति का अपराधीकरण हुआ है और आपराधिक तत्वों की ताकत बढ़ी है, वह जनतंत्र में हमारी आस्था को कमजोर बनाने वाली बात है। राजनीतिक दलों द्वारा अपराधियों को शह देना, जनता द्वारा वोट देकर उन्हें स्वीकृति और सम्मान देना और फिर कानूनी प्रक्रिया की कछुआ चाल, यह सब मिलकर हमारी जनतांत्रिक व्यवस्था और जनतंत्र के प्रति हमारी निष्ठा, दोनों, को सवालों के घेरे में खड़ा कर देते हैं।

# सभी बैंक उद्यमी-व्यापारियों को बांटे ऋणः सीडीओ

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने निवेश मित्र पोर्टल की समीक्षा कर कहा कि जिन विभागों के पोर्टल पर आवेदन लंबित हैं, समय सीमा से निस्तारण करायें। सभी बैंक अधिकारियों से कहा कि मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में आवेदकों के आवेदन उद्यम लगाने को ऋण मंजूर हैं, उन्हें ऋण वितरित करें।

बुधवार को सीडीओ ने कलेक्टेªट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक से कहा कि सभी बैंकों से वार्ताकर ऋण मंजूर कराकर वितरित करायें। उपयुक्त जिला उद्योग केंद्र को निर्देश दिए कि जो उद्यमी एक जनपद एक उत्पाद ऋण सहायता योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन के तहत उद्योग को आवेदन किये हैं, उन्हें संबंधित बैंक से ऋण दिलायें। बैंकों के शाखा प्रबंधकों से अलग बैठक की जाये। जिन बैंकों के शाखा प्रबंधक बैठक में नहीं आए, उन्हें नोटिस जारी किया जाये। बैंकों को निर्देश दें कि जिन योजनाओं में आवेदन मंजूर एवं वितरित किया है, उसे पोर्टल पर अपडेट करें। कोई पत्रावली दो सप्ताह से अधिक बैंकों में लंबित न रहे। अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देश दिए कि अपने स्तर से बैंकों की समीक्षा कर अगली बैठक में शत-प्रतिशत मंजूरी व वितरित करें। उन्होंने उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र से कहा कि जिन उद्यमियों के भूमि संबंधी, धारा 80 के मामले हैं, उनमें संबंधित एसडीएम से संपर्क कर निस्तारित करायें। अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक से कहा कि बैंक विभिन्न योजनाओं में ऋण बांटने में रुचि नहीं ले रहे। समीक्षा करें, अधिक से अधिक आवेदन पत्रों का निस्तारण करायें, ताकि सीएम डैशबोर्ड में जिले की रैंकिंग अच्छी रहे। सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों व शाखा प्रबंधकों से कहा कि सभी अधिकारी दो-दो टीबी मरीजों को गोद लें। छह माह तक पोषण सामग्री बांटें।

बैठक में उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र एसके केसरवानी, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम, अधिशासी अभियंता विद्युत रामचंद्र पटेल, राजापुर मुकेश कुमार, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राजेंद्र कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक आर्यावर्त बैंक सियाराम द्विवेदी, परियोजना निदेशक अधिकारी नेडा, एआईजी स्टाम्प, आरएम यूपीसीडा शाहिद आदि व व्यापारी मौजूद रहे।



बैठक में निर्देश देती सीडीओ।

# गांव-गरीब के बच्चों को मिलेगी बेहतर शिक्षाः सांसद

अखंड भारत संदेश



टैबलेट बांटते सांसद।

**चित्रकूट।** बीआरसी कर्वी में उप्र शासन से संचालित लर्निंग रिसार्स पैकेज के तहत प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को टैबलेट बांटने को बतौर मुख्य अतिथि सांसद आरके सिंह पटेल ने जिला विस्तारक अभय प्रताप सिंह, वार्ड मेम्बर विनीत पयासी, एबीएसए अतुलदत्त तिवारी की मौजूदगी में टैबलेट बांटे।

बुधवार को सांसद ने 16 शिक्षकों को टैबलेट बांटे। अतिथियों ने सहयोग किया। सांसद ने कहा कि सरकार की योजना सराहनीय है। बेसिक शिक्षा में अच्छे परिणाम मिलेंगे। गांव, गरीब, किसान के बच्चे अच्छी शिक्षा से लाभान्वित होंगे। विकासखण्ड कर्वी में 509, नगर क्षेत्र कर्वी में दस टैबलेट बांटे गये। शिक्षकों व बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित किया। ब्लाक एआरपी दिलीप सिंह ने अतिथियों का आभार जताया। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर, नोडल शिक्षक संकुल बृजेश सिंह, दिलीप सिंह, लवलेश सिंह, शशिकांत पाण्डेय, बृजगोपाल मिश्र, सीताराम सिंह, अनिल दीक्षित, इंद्रदेश श्रीवास्तव, प्रदीप सिंह, नवल पाण्डेय, रामबाबू सिंह, वरुण सिंह, एआरपी तीरथ प्रसाद, दिलीप सिंह, संतोष साहू, सुशील साहू, अशोक पठारी आदि के सहयोग से टैबलेट बांटे गये। संचालन कुलदीप सिंह ने किया।

# सडक पर सुरक्षित चलने के बताये उपाय

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** यातायात माह में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ यातायात राज कमल की देखरेख में प्रभारी यातायात निरीक्षक मनोज कुमार ने टीम के साथ माध्यमिक विद्यालय शिवरामपुर में छात्र-छात्राओं को नियमों के प्रति जागरूक किया।

बुधवार को यातायात प्रभारी मनोज कुमार ने छात्राओं से कहा कि परिजनों से यातायात नियमों का पालन करने को कहें। दोपहिया व चारपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व सीटबेल्ट का प्रयोग करें। नशे व नींद में वाहन न चलाए। वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग न करे। तेज गति से वाहन न चलायें। निर्धारित गतिसीमा में ही वाहन चलाए। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलायें। 18 वर्ष आयु पूरी होने के बाद लाइसेंस बनवाये। साइकिल व वाहन से स्कूल आते-जाते समय बायीं ओर चलें, सावधानी से वाहन चलायें। इस मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि अनिल शुक्ला के साथ पत्रकार अशोक द्विवेदी मौजूद रहे। ये कार्यक्रम पिरामल फाउंडेशन कार्यदायी संस्था प्रजायत्न ने शिवरामपुर व उच्च प्राथमिक विद्यालय कोलगदहिया में कराया। अंत में बच्चों को बिस्कुट, टाफी बांटे गये। कार्यक्रम में संस्था के अमित, विजय, नीलू देवी व संस्था के प्रबंधक अनिल शुक्ला की टीम के कार्यक्रम लीडर गरिमा, गांधी फेलो जयराज, गौरव व लक्ष्मी ने हिस्सा लिया।



छात्रों को जागरूक करते यातायात प्रभारी।

## प्रतिनिधि मंडल की गिरफ्तारी पर किसान आक्रोशित

**चित्रकूट।** भाकियू जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने कहा कि भाकियू राष्ट्रीय महा सचिव चैधरी युद्धवीर सिंह की अगुवाई में आठ सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल अंतरराष्ट्रीय किसान सम्मेलन साऊथ अमेरिका के कोलम्बिया में हिस्सा लेने जा रहा था। सरकार की मंशानुसार अंर्तराष्ट्रीय हवाई अड्डे इंद्रा गांधी हवाई अड्डे पर गिरफ्तारी हो गई। बुधवार को भाकियू मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय किसान सम्मेलन में सरकार की पोल खुलने के भय से भारत सरकार ने निंदनीय हरकत की है। किसानों को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में जाने से रोकने के विरोध में पूरे देश के किसान आक्रोशित हैं। देश भर के टोल प्लाजा को भाकियू ने कब्जे में लेकर टोल टैक्स फ्री करते हुए सरकार को करारा जबाब दिया है। टोल प्लाजा में धरना-प्रर्दशन कर किसानों के आक्रोश को देखकर प्रतिनिधि मंडल को तत्काल छोड़ा गया। सरकार का ये कदम बेहद निंदनीय है। किसानों ने इस मामले की घोर निंदा की हैं। भाकियू किसानों के शोषण को बर्दाश्त नहीं करेगा।

# जनहित के मामलों में सदन के जवाब पर विधायक ने जताई नाराजगी

## शीतकालीन सत्र में विधायक ने उठाये जनहित के मुद्दे

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** विधान सभा शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सदर विधायक अनिल प्रधान ने नियम 56 के तहत जिले में खाद की किल्लत व किसानों को खाद न मिलने से फसल बुआई में हो रही देर के मद्देनजर सदन की कार्यवाही रोककर चर्चा कराने की मांग उठाई।

बुधवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिला प्रशासन के झूंठे दावे करने की जिले में पर्याप्त खाद है, हकीकत ये है किसान खाद को भटक रहे हैं। मजबूरी में प्राइवेट दुकानों से महंगे दामों पर खाद खरीद रहे हैं। नियम 51 के तहत तिरहार क्षेत्र के संपर्क मार्ग चांदी से गुरगौला में प्रतिदिन सैकड़ों गांवों का आवागमन होता है, ये पूरी तरह से ध्वस्त है। स्कूली बच्चों समेत सभी लोगों को आवागमन में दिक्कतें हो रही हैं। नियम 301 के तहत संयुक्त जिला अस्पताल समेत सीएचसी व पीएचसी में डॉक्टरों की कमी है। आये दिन लोगों की मौतें हो रही हैं। नीति आयोग के आकांक्षी जिले में डॉक्टरों की बहुत कमी है। जिला अस्पताल में प्रसव को महिला डॉक्टर, हृदय रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, चर्म रोग विशेषज्ञ, एनेस्थीसिया के डॉक्टर की कमी है। कई बार इलाज के अभाव में प्रसूता की जान चली जाती है।

सदर विधायक अनिल प्रधान ने सदन से मांग किया कि जिला अस्पताल सोनेपुर में तत्काल डॉक्टरों की नियुक्ति की जाये। तारांकित प्रश्न में संविदा सफाई कर्मचारियों की स्थाई नियुक्ति की मांग की। सरकार के संतोषप्रद जवाब न मिलने पर नाराजगी जताई। अतरांकित प्रश्न में सरधुवा, महुआ क्षेत्र में विद्युत टावर निर्माण जल्द शुरू कराने, विद्युतीकरण से वंचित मजरों में विद्युतीकरण कराने, निजी ट्यूबवेल के बिल माफ करने की मांग की। सरकार ने एक अप्रैल 2023 से किसानों के सौ फीसदी बिल माफ करने की बात कही। कलवारा खुर्द में भगड़ी पुरवा एससी बस्ती से नदी घाट मैनहाई माफी के मजरा बौना पुरवा में प्राथमिक विद्यालय से रगौली देवी संपर्क मार्ग, संग्रामपुर में खोही शिवरामपुर मार्ग में बाबू लाल चैराहा से सेठ की बगिया तक संपर्क मार्ग, मऊ में टिटिहरा से मऊ संपर्क मार्ग, रसिन के मजरा महादेवन में बाणगंगा नदी पर पुल बनवाने, ओरा, ममसी, मकरी, पहरा तथा भैसौंधा में पुल बनवाने एवं बने पुलों में आवागमन शुरू कराने की मांग की। कंपोजिट विद्यालय रैपुरवा माफी में 11000 विद्युत लाइन हटवाने की मांग की। चित्रकूट में राजकीय मेडिकल कॉलेज बनवाने, उच्च प्राथमिक विद्यालय मैनहाई माफी को उच्चीकृत कराने की याचिका पेश की। जनहित की समस्याओं के प्रति सरकार की नीरसता व रटे-रटाए जवाब पर नाराजगी जताई।



सदर विधायक अनिल प्रधान।

# पुलिस ने जुआ खेलते पांच जुआरियों को दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराध की रोकथाम को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा राजेश कुमार चैरसिया चैकी परिक्रमा मार्ग खोही की टीम ने उमेशचन्द्र सोनी उर्फ बबलू सोनी पुत्र स्व संतराम सोनी निवासी सोनारन पुरवा शिवरामपुर, सतीशरण उर्फ दद्दू पुत्र संतोष पटेल निवासी बरमपुर, भोला पुत्र गिरजा प्रसाद धोबी, देवदत्त पुत्र देवराज पटेल निवासी कल्ला, बाबूलाल उर्फ रत्ती पुत्र स्व बूसी धोबी निवासी बरमपुर को ताश के पत्तों से हारजीत की बाजी लगाते जुआ खेलते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। जुआरियों के कब्जे से मालफड़ से 2890 रुपये व ताश के 52 पत्ते, जामातलाशी में 610 रुपये बरामद किये।



पुलिस गिरफ्त में जुआरी।

# दो जोडों का कमेटी ने कराया निकाह

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** गुलशन-ए-रजा-ए-मुस्तफा के अध्यक्ष हाजी रज्जन अली की अगुवाई में छठवीं इज्तेमा प्रोग्राम बमुकाम हाजी रज्जन अली परिसर कोलगदहिया में सामूहिक विवाह हुए। दो जोडों का निकाह कराया गया। बुधवार को बदौसा थाने के दतौरा की शबनूर खातून का निकाह दिलदार मोहम्मद कोलगदहिया व ममसीखुर्द ओरा की रुखसाना का निकाह सलीम अली सेमरिया चरणदासी के साथ हुआ। निकाह में कमेटी ने बतौर भेंट नकद व सिलाई मशीन आदि दिया। कुरीतियों से दूर रहने व फिजूलखर्ची से बचने को ये निकाह कराये गये। निकाह सम्मेलन में कमेटी के अध्यक्ष हाजी रज्जन अली, हाजी डॉ अफसर उल्ला खां, मुस्ताक अहमद, हाजी अब्दुल जलील सिद्दीकी, मुस्ताक अहमद खां, जावेद खां, हाजी सैयद अख्तर, हाजी फराज खान, हाजी हैदर अली, गुलाब खां, सरवरयार खां, हाजी इकबाल खां, मोइनुद्दीन (छोटकू), सिन्नीभाई ठेकेदार, मुफ्ती सलाहुद्दीन साहब, मौलाना उबैद साहब, मौलाना साबिर साहब, हाफिज अहमद साहब, इरफान उल्ला खान, हफीज भाई व सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव, बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मान सिंह पटेल, नरेन्द्र यादव, सीताराम कश्यप आदि मौजूद रहे।



सामूहिक निकाह में मौजूद कमेटी पदाधिकारी।

# पुरुष व महिला के कब्जे से बरामद की 20 लीटर महुआ शराब

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने एक पुरुष व एक महिला के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब बरामद की। बुधवार को पहाडी थाने के दरोगा त्रिलोकीनाथ मिश्रा ने सिपाही विनोद कुमार व कृष्ण कुमार के साथ रामभजन पुत्र रामभवन निवासी भंभौर के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। इसी क्रम में मऊ थाने के दरोगा इन्द्रजीत गौतम व दरोगा गंगाचरण प्रजापति व दीवान जुबेर अली तथा आबकारी महिला सिपाही सुमित्रा के साथ बदमिया पत्नी रामप्यारे निवासी बलहौरा को दस लीटर महुआ शराब व उपकरण समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया।

# दहेज हत्या के तीन वांछित दबोचे

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में दरोगा मेवालाल मौर्य चैकी सीतापुर ने दहेज हत्या के वांछित श्रीमती माया देवी पत्नी गंगाराम, गंगाराम पुत्र स्व रामअवतार व जितेन्द्र कुमार पुत्र गंगाराम निवासी रामायण मेला के पास सीतापुर को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा मेवालाल मौर्य, सिपाही मंगला व महिला सिपाही रेखा वर्मा शामिल रहीं।

# सीएम-सांसद के निर्देश विद्युत विभाग पर बेअसर, बन्द चक्की का भी आ रहा बिल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भाजपा सांसद आरके सिंह पटेल व सूबे के मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद भी विद्युत विभाग के अफसर गढचपा गांव की जिला पंचायत सदस्य अनीता सिंह बघेल की आटा चक्की के बन्द होने के बाद भी बिल का भुगतान करने के बाद भी एकमुश्त समाधान के तहत निपटारा नहीं कर रहे।

बुधवार को मानिकपुर ब्लाक के गढचपा गांव के अरुण सिंह बघेल उर्फ मिन्टू सिंह ने बताया कि छह माह पहले चक्की व ट्रांसफार्मर विद्युत विभाग के लोग उखाडकर ले गये हैं। इसके बाद भी बिल बराबर आ रहा है। वे कल विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता के पास गये थे। लिपिक प्रशान्त से बात हुई है। कहा कि एक वर्ष से चक्की बन्द है। ट्रांसफार्मर व मोटर विभाग के लोग ले गये हैं। इसके बाद भी बिल आ रहा है। ताजा बिल 11 लाख रुपये का आया है। मनमानी ढंग से विद्युत बिल बढा हुआ आ रहा है। लिपिक ने कहा कि दो लाख ब्याज माफ होगी, नौ लाख जमा करना होगा। छह वर्ष के कनेक्शन का बिल 15 लाख बनाये हैं, जबकि चार लाख रुपये किस्तों में जमा किया है। 2016 से 2021 तक चक्की चालू रही। पांच वर्ष में विद्युत विभाग के अधिकारियों की मनमानी से 15 लाख रुपये का बिल बन गया है, चार लाख रुपये किस्तों में जमा भी किया है। उसे घटाने की बजाय 11 लाख बिल बनाये हुए हैं। 23 फरवरी 2023 से चक्की की लाइट कटी है। अधिकारियों को लिखित बताया भी है। हलफनामा भी एक्सईएन को दिया है, फिर भी बिल बन्द नहीं हो रहा।

पीडित अरुण सिंह बघेल ने कहा कि विद्युत विभाग उन्हें मानसिक रुप से परेशान कर रहा है। 2021 में छह लाख रुपये का बिल आया था, चार लाख रुपये किस्तों में जमा भी किया है। पीडित ने कहा कि बन्द चक्की का बिल एक वर्ष से 18 फीसदी ब्याज से बनाये हैं, जो सरासर गलत है। उन्होंने कहा कि एकमुश्त समाधान के तहत उनसे वाजिब बिल लिया जाये।



पीडित अर्जुन सिंह बघेल।

# पलेवा को नहीं मिल रहा पानी

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के हेला बांध से किसानों को पलेवा को पानी नहीं मिल रहा। सिंचाई विभाग की लापरवाही से पानी न मिलने से किसान पलेवा को परेशान हैं। बुधवार को हेला गांव के किसानों ने बताया कि हेला बांध से किसानों को पानी नहीं मिल रहा। इससे पलेवा नहीं हो पा रहा। खेतों में बीज तो बो गये हैं, पलेवा को पानी नहीं मिला तो बीज नहीं उगेंगे। इससे किसान भुखमरी की कगार में आ जायेंगे। मानिकपुर तहसील के बगदरी गांव की सिंचाई हेला उमरी बांध से होती है। अभी तक किसानों को पानी नहीं मिल सका है। सिंचाई विभाग के अधिकारी ग्रामीणों के फोन भी नहीं उठाते, किसानों की समस्या का निदान नहीं हो पा रहा।

# पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में चैकी प्रभारी सीतापुर श्यामदेव सिंह ने सिपाही अतुल परिहार के साथ घर में घुसकर छेडछाड व एससी/एसटी एक्ट के वारंटी मोहनलाल उर्फ छोटू पुत्र रामखेलावन आरख निवासी चकमाली को गिरफ्तार किया।

# मराठा कालीन इमारत के ध्वस्तीकरण-नीलामी का किसने दिया अधिकार?

## इमारत को संरक्षित कर बनाना चाहिए दर्शनीय स्थल, कई जन्मों तक कोई नहीं बनवा सकेगा ऐसी इमारत



ऐतिहासिक इमारत में गरज रहा बुलडोजर।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** तकरीबन 12 सौ वर्ष पुरानी ऐतिहासिक मराठा कालीन इमारत को धरोहर समझकर संरक्षित करने की बजाय उसे निष्प्रयोज्य घोषित कर ध्वस्तीकरण की नीलामी कर देने का क्या औचित्य है। प्रशासन ने शासन से कोई आदेश लिए बिना ध्वस्तीकरण की नीलामी कैसे कर दी, जबकि ऐतिहासिक-पुरातत्विक धरोहर को सहेजकर उसका जीर्णोद्धार कराकर उसे लोगों के देखने को संरक्षित किया जाता तो बेहतर होता। अब ऐसी इमारत कई जन्मों तक कोई बनवा नहीं सकेगा।

मराठा कालीन इमारत के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही बुधवार को भी जारी रही। ये इमारत श्रेणी 15 के तहत अकृषि भूमि इमारत के बतौर आबादी में गाटा संख्या 610 में 1.347 हेक्टेयर में है। श्रेणी 15 की ये भूमि खेवट नम्बर पांच में तहसील, थाना व अन्य कार्यालय बतौर दर्ज है। नियमतः श्रेणी 15 की भूमि पर बिना शासन की अनुमति के कोई भी कुछ कार्य नहीं कर सकता। श्रेणी की भूमि पर ध्वस्तीकरण या नीलामी का हक शासन के अलावा किसी को नहीं है, तब फिर बिना शासन की अनुमति के कैसे ध्वस्तीकरण की नीलामी किसने दे दी।

श्रेणी 15 की भूमि पर बनी ऐतिहासिक मराठा कालीन इमारत/पुरानी कोतवाली को संरक्षित करने में पुरातत्व विभाग भी आगे नहीं आया, जबकि छोटे-छोटे मसलों पर पुरातत्व विभाग आगे आकर रोक लगाता है। पेशवाकालीन इस इमारत को महज दस लाख में बकौल ईओ नगर पालिका लालजी यादव ने कहा कि डीएम व एसडीएम के समक्ष फाइल भेजी गई थी, उन्होंने नीलामी प्रक्रिया का पालन करते हुए नीलामी की है। ये बात समझ से परे है कि जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने 12 सौ साल पुरानी ऐतिहासिक इमारत की नीलामी में शासन से अनुमति क्यों नहीं ली। इस मामले में कुछ लोग हाईकोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं। अब हाईकोर्ट से ही निर्णय होगा कि इमारत का ध्वस्तीकरण उचित था या नहीं। इस इमारत को लोगों के लिए दर्शनीय स्थल के बतौर बनाया जाता, तो उचित होता और देखरेख का खर्चा भी टिकट के जरिये निकल आता।

# पेशवाकालीन इमारत के स्वरुप बदलाव में नपेंगे जिम्मेदार

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** ह्यूमन राइट्स लॉ नेटवर्क के जिला संयोजक का रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने ऐतिहासिक इमारत के ध्वस्तीकरण पर रोष जताया है। कहा कि पुरानी कोतवाली को शासन-प्रशासन ने नीलामी प्रक्रिया विधि अनुसार नहीं की है। व्यापक रुप से प्रचार भी नहीं किया। नीलामी में कितने लोगों ने हिस्सा लिया। इसका भी खुलासा नहीं किया। पुरानी कोतवाली क्षेत्र में आज भी जमींदारी विनाश अधिनियम लागू है। खेवट में मालिकाना हक दर्ज है, शासन-प्रशासन ने पुरानी कोतवाली भूमि को अधिग्रहीत किये बिना किस हैसियत से नीलाम किया है? उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटवाने के बाद नये सिरे से नवनिर्माण या ध्वस्तीकरण का भी किसी को अधिकार नहीं है। नियमतः पुरानी कोतवाली का ऐतिहासिक स्वरुप कायम रखते हुए उसकी पहचान में किसी प्रकार का रद्दोबदल करने का किसी को अधिकार नहीं है। ऐसे में बदलाव के जिम्मेदारों का नपना तय है।



जिला संयोजक का रुद्र प्रसाद मिश्र एड।

# मनमानी ढंग से मानिकपुर स्टेशन में बिक रही चाय, ठेकेदार को सिर्फ तीन सौ से मतलब

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर रेलवे स्टेशन मीना बाजार बनता जा रहा है। दो वर्षों से मानिकपुर रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म नंबर चार व प्लेटफार्म नंबर एक पर आधा दर्जन नए स्टालों का रेलवे ने टेंडर निकला था। नए ठेकेदारों ने टेंडर लेकर मनमानी ढंग से चला रहे हैं। बुधवार को मानिकपुर रेलवे स्टेशन के नये ठेकेदारों की मनमानी देखने को मिली। बताया गया कि इन स्टालों का न कोई किचन है, न कोई स्टोर रूम है। न ही काम करने का कोई मानक है। ये स्टाल मालिक लड़कों का मेडिकल कार्ड बनवाकर दे देते हैं, उन्हें स्टेशन में ट्रेनों पर बेचने को कहकर तीन सौ से चार सौ रुपये प्रतिदिन लेते हैं।

ये लड़के पैसा निकालने को मिलावटी चाय बेंचे या लोगों की जान से खिलवाड करें, इससे ठेकेदारों को कोई मतलब नही है। उन्हे सिर्फ तीन सौ रुपए से मतलब है। ये सिलसिला कई वर्षों से चल रहा है। रेलवे के जिम्मेदार भी ध्यान नहीं देते। रेलवे के सारे नियम-कानून ताक में रखकर मनमानी ढंग से कैंटीन चला रहे हैं।

## 30 को होगा मानचित्र समाधान दिवस

**चित्रकूट।** चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण सचिव वंदिता श्रीवास्तव ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में स्वीकृत भवन मानचित्रों के जल्द निस्तारण को प्राधिकरण ने मानचित्र समाधान दिवस 30 नवंबर को अपरान्ह एक से पांच बजे तक प्राधिकरण कार्यालय में होगा। सभी संबंधित भवन मानचित्र प्रस्तुतकर्ता एवं अनुज्ञा प्राप्त मानचित्रकर /आर्किटेक्ट मानचित्र आपत्तियों का निराकरण कर भवन मानचित्र मंजूरी करेंगे। संबंधित लोग लाभ उठायें।


# विदेश संदेश

## चीन में कोयला खदान में विस्फोट से 11 लोगों की मौत

बीजिंग
चीन के पूर्वोत्तर हिलोंगजियांग प्रांत में मंगलवार को कोयले की एक खदान में जबरदस्त विस्फोट होने से 11 लोगों की मौत हो गयी। चीन के सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने इसकी पुष्टि की है।

रिपोर्ट के अनुसार खदान में जबरदस्त धमाका हुआ, जिसमें लोगों की जान चली गयी। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, इस खदान का संचालन करने वाली शुयांगयाशान कोल कंपनी पर अतीत में कई सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने को लेकर जुमार्ना लगाया जा चुका है। सरकार समर्थित मीडिया कंपनी शांगयू न्यूज के अनुसार, इस साल भी उसपर दस बार जुमार्ना लगाया गया। चीन बार-बार होने वाले इन हादसों को रोकने के लिए खदान सुरक्षा में सुधार के लिए लगातार काम कर रहा है। अगस्त में चीन के शांक्सी प्रांत में एक अन्य कोयला खदान में विस्फोट में 11 लोगों की मौत हो गयी थी। सितंबर में गुइझोउ प्रांत में कोयला खदान में आग लग जाने से 16 लोगों की जान चली गयी थी।

## यूक्रेन की जासूसी एजेंसी के प्रमुख की पत्नी को दिया गया हेवी मेटल जहर, क्या रूस ने रची खौफनाक साजिश?



यूक्रेन
यूक्रेन के शीर्ष जासूस प्रमुख की पत्नी को हेवी मेटल जहर देकर मारने की कोशिश की गई है, हालांकि उनकी जान बचा ली गई है और अस्पताल में उनका इलाज अभी भी चल रहा है। देश की सैन्य खुफिया एजेंसी के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा, कि "हेवी मेटल" से युक्त भोजन खाने के बाद उनकी स्थिति खराब हो गई थी।

मारियाना बुडानोवा, यूक्रेन के शीर्ष जासूस किरिलो बुडानोव की पत्नी हैं, जो यूक्रेन की ऋवफ सैन्य खुफिया एजेंसी के प्रमुख हैं। हालांकि, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है, कि कथित जहर उन्हें कब दिया गया। लेकिन, उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**यूक्रेन खुफिया एजेंसी के प्रमुख को जहर**

यूक्रेनी खुफिया एजेंसी ऋवफ के प्रवक्ता एंड्री युसोव ने कहा, कि "हां, मैं जानकारी की पुष्टि कर सकता हूं। दुर्भाग्य से, यह सच है।" प्रवक्ता एंड्री युसोव ने यूक्रेनी मीडिया में रिपोर्टों के बाद रॉयटर्स को इसकी जानकारी दी है। वहीं, ऐसा दावा किया गया है, कि कई अन्य ऋवफ अधिकारी भी जहर दिए जाने के बाद बीमार हो गए हैं।

समाचार वेबसाइट बेबेल ने कहा है, कि बुडानोवा "लंबे समय से अपने स्वास्थ्य में गिरावट" से पीड़ित थी। एजेंसी के सूत्रों ने कहा, कि "सामान्य नागरिक या सैन्य जीवन" में नहीं पाई जाने वाली भारी धातुओं की पहचान की गई है। एक अधिकारी ने कहा है, कि "एक मकसद के साथ ऐसा किया गया है।"

आपको बता दें, कि यूक्रेनी जासूसी एजेंसी के प्रमुख बुडानोव को एक शातिर जासूस माना जाता है, लिहाजा उन्हें क्रेमलिन में बिल्कुल भी पसंद नहीं किया जाता है। बुडानोव ने कई रूसी खुफिया चालों को डिकोड किया है और उन्होंने रूस के खिलाफ कई सफल अभियानों को अंजाम दिया है। उनके कई अभियान रूस के अंदर भी शामिसल रहे हैं, लिहाजा उनकी कई बार हत्या की कोशिश की जा चुकी है, लेकिन हर बार वो बचने में कामयाब रहे है।

**यूक्रेन के शीर्ष नेताओं के बीच रूस की पहुंच?**

बुडानोव अकसर मॉस्को को परेशान करते रहते हैं और वो अकसर रूस को ट्रोल भी करते रहते हैं। उन्होंने पिछले दिनों पत्रकारों को टूटे हुए सोवियत संघ का एक नक्शा दिया था, जिससे रूस बौखला गया था।

हालांकि, बुडानोव की पत्नी को जहर दिए जाने को लेकर, खुफिया एजेंसी जीयूआर ने कथित साजिश का कोई और विवरण नहीं दिया है। न ही यह अनुमान लगाया गया है, कि इसे किसने अंजाम दिया होगा। माना जाता है, कि बुडानोवा, एक मनोवैज्ञानिक और कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को की सहयोगी हैं, जो अपने पति के साथ उनके किलेदार मुख्यालय में रहती हैं।

अगस्त में बुडानोव ने कहा था, कि वह सुरक्षा कारणों से लगातार अपनी पत्नी के साथ रहते हैं। यदि जहर की पुष्टि हो जाती है, तो यह सुरक्षा का गंभीर उल्लंघन और पिछले साल के पूर्ण पैमाने पर रूसी आक्रमण के बाद से यूक्रेनी नेतृत्व परिवार के सदस्य की हत्या का सबसे हाई-प्रोफाइल कोशिश मानी जाएगी।

अगर जहर दिए जाने की पुष्टि होती है, तो इससे यह भी पता चलता है, कि मॉस्को के पास यूक्रेन के अंदर काफी हाई प्रोफाइल जासूस हैं। यूक्रेन्स्काया प्रावदा के अनुसार, बुडानोवा अच्छी प्रगति कर रहा था। एक सूत्र ने अखबार को बताया, "वह अब बेहतर कर रही हैं और उनका इलाज पहले चरण से गुजर चुका है।"

उन्होंने आगे कहाः "बुदानोव की पत्नी काफी पतली और हल्की है, और इसलिए उनमें लक्षण जल्दी विकसित हो गए। कई अन्य कर्मचारियों को भी जहर दिया गया था। और उनका भी इलाज चल रहा है।"

# रूस की सेना में कार्यरत तीन नेपाली नागरिकों की यूक्रेन युद्ध में मौत



काठमांडू,
रूस की सेना में कार्यरत तीन नेपाली नागरिकों की यूक्रेन के साथ जारी युद्ध में मौत हो गई। इनके परिवारों को मौत के दो हफ्ते बाद सूचित किया गया है । मास्को स्थित नेपाली दूतावास ने इनकी मौत की पुष्टि करते हुए परिवार वालों को जानकारी दी है। दूतावास ने काठमांडू स्थित विदेश मंत्रालय के मार्फत भेजे गए पत्र में तीनों के पार्थिव शरीर को वापस नेपाल भेजने के लिए समन्वय करने का अनुरोध किया है। दूतावास के द्वितीय सचिव सुशील घिमिरे की तरफ से भेजे गए पत्र में मृतकों का विवरण दिया गया है।

इस विवरण के मुताबिक मृतकों में स्यांग्जा निवासी प्रीतम कार्की (पासपोर्ट नम्बर बीएओ 150320), दोलखा निवासी राज कुमार रोका (पासपोर्ट नम्बर बीएओ 254301) और इलाम निवासी गंगाराज मोक्तान (पासपोर्ट नम्बर 09200751) शामिल हैं। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने इनके परिवारों सूचित कर दिया। इनमें से कार्की और रोका नेपाली सेना में काम कर चुके हैं। मोक्तान नेपाल की सशस्त्र प्रहरी बल से अवकाशप्राप्त जवान था।

नेपाल के विदेश मंत्री एनपी साउद ने कहा है कि मौत कहां हुई है और किन परिस्थितियों में हुई है इस बात की पूरी जानकारी ली जा रही है। मास्को से तीनों के पार्थिव शव लाने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। साउद ने बताया कि रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होते ही सभी नागरिकों को किसी भी देश के सेना में भर्ती ना होने के लिए अपील की गई थी। मगर यह तीनों उससे पहले से सेना में कार्यरत थे या फिर बाद में हुए, इस बात की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

# अमेरिका के प्रमुख उद्योगपति चार्ल्स टी. मुंगेर का 99 वर्ष की आयु में निधन



वाशिंगटन,
अमेरिका के प्रमुख उद्योगपति और बर्कशायर हैथवे के उपाध्यक्ष चार्ल्स टी. मुंगेर का 99 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने मंगलवार रात कैलिफोर्निया के बारबरा सांता में अंतिम सांस ली। उनकी पहचान बर्कशायर हैथवे के संस्थापक वॉरेन ई. बफेट के प्रमुख साझेदार के रूप में होती है।


अमेरिका के प्रमुख अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार चार्ल्स टी. मुंगेर के निधन की घोषणा बर्कशायर हैथवे ने एक बयान में की। अखबार के मुताबिक इस कंपनी के लिए मुंगेर ने अपने कानून के करियर को छोड़कर रात-दिन एक कर दिया और न्यू इंग्लैंड टेक्सटाइल कंपनी को शानदार सफल निवेश फर्म बर्कशायर हैथवे में बदल दिया। उनका लॉस एंजिल्स में भी एक घर था।

द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार बर्कशायर के उपाध्यक्ष और अरबपति मुंगर को बर्कशायर हैथवे के निवेश दृष्टिकोण का प्रवर्तक माना जाता है। कहा जाता है 50 से अधिक वर्षों तक चली इस साझेदारी ने इतिहास में सबसे सफल और सबसे बड़े समूह में से एक का निर्माण किया। फोर्ब्स के मुताबिक, चार्ली दुनिया के अमीरों की सूची में 182वें नंबर पर थे। उनकी नेटवर्थ 2.6 अरब डॉलर थी। 2022 तक इसमें लगभग 372,000 कर्मचारी थे।

## बुशरा बीबी से निकाह करते ही बनूंगा प्रधानमंत्री... इमरान खान के सबसे बड़े राजदार ने अदालत में उगले राज

**पाकिस्तान**
पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जेल में बंद हैं, लेकिन बाहर उनके राजदार, लगातार एक के बाद एक राज उगल रहे हैं। उनके पूर्व करीबी और राजदार औन चौधरी ने मंगलवार को खुलासा किया है, कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान ने उनसे कहा था, कि "बुशरा बीबी के साथ निकाह के बाद मैं प्रधानमंत्री बनूंगा।" दरअसल, औन चौधरी ने ये खुलासा कोर्ट रूम में उस वक्त की है, जब इमरान खान और बुशरा बीबी के निकाह को लेकर सुनवाई चल रही है, कि क्या दोनों का निकाह इस्लाम के मुताबिक वैध है या नहीं। औन चौधरी ने इसी सुनवाई के दौरान बतौर गवाह अपना बयान दर्ज कराया है। इमरान खान के निकाह पर विवाद इमरान खान और बुशरा बीबी के निकाह को लेकर मामला कोर्ट में इसलिए पहुंचा है, क्योंकि ऐसे आरोप हैं, कि जब बुशरा बीबी अपने पूर्व पति से तलाक लेकर इद्दत में थीं, उस वक्त उन्होंने इमरान खान से शादी कर ली थी और अपनी शादी को छिपाकर रखा था। गवाहों ने इमरान खान की शादी के विवाद के संबंध में कई अन्य दिलचस्प खुलासे किए गए हैं, जो इमरान की तीसरी शादी के बाद से लंबे समय से चल रहा है। बुशरा बीबी के पूर्व पति खावर मनेका ने पिछले हफ्ते पीटीआई प्रमुख के अपनी पूर्व पत्नी के साथ निकाह को चुनौती दी थी। यह याचिका इस्लामाबाद में एक जिला और सत्र अदालत में दायर की गई थी, हालांकि, इस याचिका के ठीक एक दिन बाद, इसी तरह की एक याचिका खारिज कर दी गई थी, जिसमें इमरान और पूर्व प्रथम महिला के निकाह को "शरिया के खिलाफ" बताया गया था। बुशरा बीबी के पूर्व पति खावर मनेका ने अपनी याचिका में पीटीआई प्रमुख के निकाह को धोखाधड़ी करार देते हुए कहा, कि यह शादी इद्दत अवधि (वह समय जब एक महिला अपने पति की मृत्यु के बाद, या तलाक के बाद अलगाव में चली जाती है) के दौरान संपन्न हुई थी। मंगलवार को स्थानीय अदालत में सुनवाई के दौरान, मुफ्ती सईद - जिन्होंने कथित तौर पर इमरान खान और बुशरा बीबी का दो बार निकाह कराया था, और औन चौधरी, जो शादी के गवाहों में से एक थे, उन्होंने मामले में अपने बयान दर्ज कराए। मौलवी ने अपना बयान देते हुए सत्र अदालत के न्यायाधीश कुदरतुल्लाह को बताया, कि पीटीआई अध्यक्ष के साथ उनके अच्छे संबंध थे और खान की तीसरी शादी के समय वह पार्टी की कोर कमेटी के सदस्य थे। मुफ्ती सईद ने अदालत को बताया, "इमरान खान ने 1 जनवरी 2018 को संपर्क किया और मुझसे बुशरा बीबी के साथ लाहौर में निकाह करने के लिए कहा।" उन्होंने कहा, कि वह पीटीआई प्रमुख के निदेर्शानुसार लाहौर के रक्षा क्षेत्र में गये थे। उन्होंने कहा, "बुशरा बीबी की बहनों" सहित बहुत सारे लोग थे। मौलवी ने कहा, कि उन्होंने एक महिला से, जिसने खुद को बुशरा बीबी की बहन के रूप में पेश किया था, पूछा कि क्या निकाह के लिए शरिया के तहत सभी आवश्यकताएं पूरी हैं। उन्होंने कहा, जिस पर महिला ने सकारात्मक जवाब दिया और कहा कि निकाह किया जा सकता है। इस पर जज ने मुफ्ती सईद से पूछा, कि उन्होंने बुशरा बीबी से व्यक्तिगत रूप से सवाल क्यों नहीं पूछा? इस पर मौलवी ने कहा, कि इस समाज में जिस महिला की शादी होने वाली होती है, उससे ऐसे सवाल नहीं पूछे जाते। मुफ्ती सईद ने तब अदालत को बताया, कि उसने इमरान और बुशरा बीबी का निकाह कराया, जिसके बाद वे बानी गाला में चले गए। उन्होंने आगे कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने फरवरी 2018 में उनसे दोबारा संपर्क किया और उन्हें बताया गया कि बुशरा बीबी की इद्दत के दौरान जनवरी में निकाह हुआ था। इस पर जज ने पूछा, कि दोबारा निकाह कराने के लिए उनसे किसने संपर्क किया था। हालांकि, मौलवी ने जवाब दिया, कि उन्हें यह याद नहीं है। गौरतलब है कि मुफ्ती सईद ने पिछले मामले में अपना बयान दर्ज कराते हुए खान के बुशरा बीबी से निकाह को लेकर भी इसी तरह के खुलासे किये थे। जबकी अपना बयान दर्ज करते समय, औन चौधरी ने अदालत को बताया, कि वह निकाह के गवाहों में से एक थे और जब मुफ्ती सईद ने बुशरा बीबी से निकाह से पहले उसकी वैवाहिक स्थिति के बारे में पूछा, तो उसने उसे बताया कि उनका तलाक हो चुका है और शादी के लिए सभी आवश्यकताएं पूरी हो चुकी हैं।

# जापान के याकुशिमा द्वीप के पास अमेरिका का लड़ाकू विमान क्रैश, 8 जवान थे सवार, क्या जानलेवा है ये जेट?



जापान
जापान की स्थानीय मीडिया ने जापानी तट रक्षक का हवाला देते हुए बताया है, कि आठ लोगों के साथ एक अमेरिकी ऑस्प्रे मिलिट्री एयरक्राफ्ट बुधवार को जापान के तट पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। यह घटना याकुशिमा द्वीप के पास हुई है, जो देश के सबसे दक्षिणी मुख्य द्वीप क्यूशू के दक्षिण में स्थित है।

एक प्रवक्ता ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया है, कि "हमें आज दोपहर 2:47 बजे सूचना मिली, कि अमेरिकी सेना का ऑस्प्रे लड़ाकू विमान याकुशिमा द्वीप पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है।" स्थानीय निवासियों ने कहा, कि समुद्र में गिरते समय विमान के बाएं इंजन से आग निकल रही थी। याकुशिमा द्वीप जापान के सबसे दक्षिणी मुख्य द्वीप क्यूशू के दक्षिण में स्थित है। जापानी ब्रॉडकास्टर एनएचके ने बताया है, कि ऑस्प्रे यामागुची क्षेत्र में इवाकुनी अमेरिकी बेस से रवाना हुआ था और ओकिनावा में कडेना बेस की ओर जा रहा था। रिपोर्ट में रक्षा सूत्रों के हवाले से कहा गया है, कि विमान टोक्यो में यूएस योकोटा एयर बेस का सीवी-22 ऑस्प्रे था।

इससे पहले अगस्त में, एक और ऑस्प्रे उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें सवार 23 लोगों में से तीन अमेरिकी नौसैनिकों की मौत हो गई थी। बोइंग एमवी-22बी ऑस्प्रे स्थानीय सैनिकों के लिए एक सैन्य अभ्यास के दौरान डार्विन के उत्तर में मेलविले द्वीप पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। टिल्ट-रोटर विमान, जो हेलीकॉप्टर और फिक्स्ड-विंग विमान दोनों के रूप में कार्य करने में सक्षम है, उसका उपयोग अमेरिकी मरीन, अमेरिकी नौसेना और जापान आत्मरक्षा बलों द्वारा किया जाता है। जापान में ऑस्प्रे की उपस्थिति ने विवाद को जन्म दिया है, आलोचकों ने इसकी दुर्घटना की संवेदनशीलता के बारे में चिंता व्यक्त की है। हालांकि, अमेरिकी सेना और जापान दोनों का कहना है, कि ये लड़ाकू विमान सुरक्षित है। लेकिन, पिछले साल भी, नॉर्वे में चार अमेरिकी नौसैनिकों की उस वक्त मौत हो गई थी, जब नाटो प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान उनका एमवी-22बी ऑस्प्रे विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसी तरह, 2017 में तीन नौसैनिकों की मौत हो गई, जब ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी तट पर समुद्र में उतरने की कोशिश करते समय एक ऑस्प्रे, एक परिवहन जहाज के पिछले हिस्से से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 2000 में एरिजोना में अभ्यास के दौरान ऑस्प्रे के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कम से कम 19 नौसैनिकों की मृत्यु हो गई थी।

# खालिस्तानी आतंकी पन्नून की हत्या की साजिश की होगी जांच, भारत ने बनाई हाई-लेवल कमेटी



**नई दिल्ली**
भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा है, कि भारत ने संगठित अपराधियों, बंदूक चलाने वालों, आतंकवादियों और अन्य लोगों के बीच सांठगांठ से संबंधित कुछ इनपुट साझा करने के बाद, अमेरिकी सरकार द्वारा उठाई गई सुरक्षा चिंताओं पर गौर करने के लिए, एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता बागची ने कहा, कि "इनपुट दोनों देशों के लिए चिंता का कारण है और उन्होंने आवश्यक फॉलोअप कार्रवाई करने का फैसला किया है।" विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची. फोटो-फाइल भारत ने बनाई हाई-लेवल कमेटी अरिंदम बागची ने कहा, कि "द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग पर अमेरिका के साथ चर्चा के दौरान, अमेरिकी पक्ष ने संगठित अपराधियों, बंदूक चलाने वालों, आतंकवादियों और अन्य लोगों के बीच सांठगांठ से संबंधित कुछ इनपुट साझा किए।" उन्होंने आगे बताया, कि भारत इस तरह की सूचनाओं को गंभीरता से लेता है और संबंधित विभाग इस मुद्दे की जांच कर रहे हैं। बागची ने कहा, "हमने संकेत दिया, कि भारत ऐसे इनपुट को गंभीरता से लेता है, क्योंकि वे हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा हितों पर भी असर डालते हैं, और संबंधित विभाग पहले से ही इस मुद्दे की जांच कर रहे थे।" विदेश मंत्रालय ने तब कहा था, कि भारत सरकार ने अमेरिकी समकक्षों द्वारा उठाए गए प्रासंगिक मुद्दों पर गौर करने के लिए 18 नवंबर को एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया था। बागची ने कहा, कि "इस संदर्भ में, यह सूचित किया जाता है कि 18 नवंबर 2023 को भारत सरकार ने मामले के सभी प्रासंगिक पहलुओं को देखने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया था। भारत सरकार जांच समिति के निष्कर्षों के आधार पर आवश्यक अनुवर्ती कार्रवाई करेगी।" भारतीय विदेश मंत्रालय का यह बयान, पश्चिमी समाचार मीडिया आउटलेट्स के इस दावे के कुछ दिनों बाद आया है, कि अमेरिका ने अमेरिकी धरती पर खालिस्तानी अलगाववादी-आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नून को खत्म करने की योजना को नाकाम कर दिया।

कट्टरपंथी अलगाववादी समूह सिख फॉर जस्टिस का नेतृत्व करने वाला सिंह भारत में एक नामित आतंकवादी है। अमेरिका के न्याय विभाग और संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने ऐसे दावों पर कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट में दावा किया गया है, कि अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने अमेरिकी धरती पर एक खालिस्तानी अलगाववादी शख्स गुरपतवंत सिंह पन्नून की हत्या की साजिश को नाकाम कर दिया। इतना ही नहीं, अखबार ने ये भी दावा किया, कि साजिश में शामिल होने की चिंताओं पर अमेरिका ने भारत को चेतावनी जारी की है, जिसके जवाब में दिल्ली ने कहा, कि वह ऐसे इनपुट को "गंभीरता से" लेता है और ऐसे मुद्दों की संबंधित विभागों द्वारा "पहले से ही जांच की जा रही है।" इससे पहले, सितंबर महीने में, कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने जब हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत पर आरोप मढ़े थे, उसके बाद भारत की तरफ से काफी कड़ी प्रतिक्रिया दी गई थी और भारतीय विदेश मंत्रालय ने आरोपों को "बेतुका और प्रेरित" बताया था। वहीं, जब कनाडा ने जब एक भारतीय डिप्लोमेट को देश से बाहर निकाला, उसके बाद भारत ने भी एक कनाडाई डिप्लोमेट को बाहर निकाल दिया। वहीं, बाद में जाकर भारत ने ना सिर्फ वीजा सर्विस रोक दी, बल्कि 40 से ज्यादा कनाडाई कर्मचारियों को भी देश से बाहर निकाल दिया। लिहाजा, कहा जा रहा था, कि कनाडा और अमेरिका के एक ही तरह के आरोपों को लेकर भारत की प्रतिक्रिया अलग अलग है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।